वर्ष- 21 अंक - 250 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 23 फरवरी 2026

# ग्वालियर के कांग्रेस नेता को पकड़कर ले गई दिल्ली पुलिस

## एआई समिट में अर्द्धनग्न प्रदर्शन का आरोप



सोमवार ● एजेंसी

दिल्ली में आयोजित एआई समिट में यूथ कांग्रेस के अर्द्धनग्न प्रदर्शन को लेकर दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में रेड कर पुलिस ग्वालियर से एक कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव को उठाकर दिल्ली ले गई। इसी तरह कांग्रेस नेता कृष्ण हरि की गाड़ी भी पुलिस ने बरामद की। इस कार में टीशर्ट और पोस्टर मिले हैं। ग्वालियर से गिरफ्तार जितेंद्र यादव के पिता केशव यादव ने बताया कि पुलिस रात को 1:30 बजे घर में घुसी और जितेंद्र यादव को थप्पड़ मारते हुए दिल्ली ले गई। इसके पहले पुलिस ने 4 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था, बाकी लोगों की तलाश जारी है। ज्ञात रहे कि इन कांग्रेसियों ने अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया था। इस पर कल मोदी ने कहा था कांग्रेस तो पहले से ही नंगी है, उसे कपड़े उतारने की क्या जरूरत?



## ड्रग तस्कर की मौत के बाद हिंसा-आगजनी कई उड़ानें रद्द



**मेक्सिको.एजेंसी।** मेक्सिको में 136 करोड़ के इनामी वांटेड ड्रग माफिया 'एल मेंचो' मिलिट्री ऑपरेशन में मारा गया। इसके बाद इस ड्रग माफिया के समर्थकों ने मेक्सिको में जगह-जगह हिंसा-आगजनी की। एयरपोर्ट और शॉपिंग मॉल में भी आग लगा दी। कई गाड़ियां फूंक दी और रास्ते बंद कर दिए। अमेरिका ने एहतियात के तौर पर कई उड़ानें रद्द कर दी और भारत ने भी अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। 59 वर्षीय भगोड़े ड्रग लॉर्ड की मौत मिलिट्री ऑपरेशन के बाद एयर ट्रांसफर (हवाई मार्ग से ले जाने) के दौरान लगी गंभीर चोटों के कारण हुई।

## अयोध्या, दिल्ली, मुंबई थे आतंकी निशाने पर

**नई दिल्ली.एजेंसी।** तमिलनाडु और बंगाल से पकड़े गए 8 आतंकियों ने खुलासा किया है कि इन लोगों ने दिल्ली, मुंबई, अयोध्या समेत देश के कई भीड़ और धार्मिक स्थानों की रेकी कर ली थी जहां धमाके होना थे। इससे संबंधित वीडियो भी आरोपियों के मोबाइल से बरामद हुए हैं। फिलहाल यह लोग हथियारों के इंतजाम में लगे हुए थे। बांग्लादेश में बैठा शब्बीर अहमद लोन उर्फ राजा व विदेश में बैठा सैद-उल-इस्लाम इनकी मदद कर रहे थे।



## पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन

**कोलकाता.एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और कभी तृणमूल कांग्रेस में ममता बनर्जी के बाद नंबर दो नेता माने जाने वाले मुकुल रॉय का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 71 वर्षीय रॉय को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां तड़के करीब 1:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

## पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक से 80 से ज्यादा मौतें

**काबुल.एजेंसी।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के भीतर कई ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इनमें 80 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है।

## अजित पवार विमान हादसे की होगी सीबीआई जांच

**मुंबई.एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत वाले विमान हादसे की सीबीआई जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि डीजीसीए और राज्य सीआईडी के साथ सीबीआई भी मामले की जांच करेगी ताकि सभी संदेह दूर हो सकें। ज्ञात रहे कि राकांपा के कई नेताओं ने हादसे के पीछे साजिश का शक जताया है।

## नदी में गिरी बस, 18 की मौत, 27 घायल



**काठमांडू.एजेंसी।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के पास त्रिशूली नदी में एक यात्री बस गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए। इनमें महिला, पुरुष और एक स्विजरलैंड का भी टूरिस्ट शामिल था। मरने वालों की सूची में 6 महिलाएं और 12 पुरुषों की शामिल हैं। बस में 44 यात्री सवार थे। बस सड़क से लगभग 300 मीटर नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली।

## महाकाल दर्शन कर लौट रहे चार दोस्तों की मौत



**कोटा.एजेंसी।** उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर कानपुर लौट रहे चार युवकों की राजस्थान के कोटा जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर चेचट टोल के पास उनकी तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों की मौके पर ही जान चली गई। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। कड़ी मशक्कत के बाद चारों शवों को बाहर निकाला गया।

## चांदी 12 हजार रु. बढ़ी सोना में भी 2600 रु. की तेजी

**सोमवार।** लगातार सोना-चांदी में तेजी-मंदी चल रही है, 4 लाख पार पहुंचने वाली चांदी पूर्व में 2 लाख 29 हजार पर आ गई थी। आज चांदी में करीब 12 हजार 600 प्रतिकिलो की तेजी सुबह से देखी गई। आज चांदी की एमसीएक्स भाव 2 लाख 65 हजार 600 रु. सुबह 10.45 बजे तक रहा। वहीं सोने में भी आज करीब 2600 रु. प्रति 10 ग्राम की तेजी देखी गई। एमीसएक्स पर सोने का भाव 1 लाख 59 हजार 493 रु. रहा।

## शेयर बाजार हुआ बम-बम

**मुंबई.एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को तगड़ा झटका लगा। इसके बाद एशियाई शेयर बाजारों के साथ ही भारतीय स्टॉक मार्केट भी आज तेजी के साथ खुला। शेयर बाजार में 600 अंकों का उछाल आया। सेंसेक्स इंडेक्स अपने पिछले बंद 82,814.71 की तुलना में उछलकर 82,906.83 पर खुला और फिर कुछ ही मिनटों में ये 83,486 पर जा पहुंचा। निफ्टी ने भी सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर चलते हुए अपने पिछले शुक्रवार के बंद 25,571।25 की तुलना में चढ़कर 25,678 पर ट्रेड शुरू किया और फिर रॉकेट की तरह भागते हुए 25,771।45 के लेवल पर जा पहुंचा।

## अरुणाचल की 3 महिलाओं से कहा मेरे पति के साथ सो जा

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के मालवीय नगर में किराए पर रहने वाली अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय कमेंट और गाली-गलौज किया गया। पूरा विवाद गंदगी फैलाने को लेकर हुआ था, जिसके बाद पड़ोसियों ने नॉर्थईस्ट की महिलाओं को 'मोमो' कहा। यही नहीं एक आरोपी महिला ने पीड़ितों को धंधेवाली भी कहा और मसाज पार्लर चलाने का आरोप लगाया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें आरोपी महिला कहती है कि, उसका पति कितना जवान है अगर ये जानना है तो मेरे पति के साथ बेडरूम में चली जा।

## बिहार में एक और मटुकनाथ, 60 साल के प्रिंसिपल ने 28 साल की टीचर से रचाई शादी

मुजफ्फरपुर ● एजेंसी

बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी स्कूल के 60 वर्षीय प्रिंसिपल राकेश साह ने 28 साल की महिला टीचर शाइस्ता परवीन से नेपाल जाकर शादी रचा ली जिसके बाद इलाके में तनाव फैल गया। राकेश साह पहले से ही चार बच्चों के पिता हैं। युवती के भाई ने औराई थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया कि उसकी बहन का अपहरण कर जबरन शादी की गई जबकि शाइस्ता परवीन ने दावा किया है कि उन्होंने अपनी मर्जी से शादी की है। इस घटना के बाद लोगों को बिहार के चर्चित प्रोफेसर मटुकनाथ की याद आ गई जिन्होंने कॉलेज में अपनी ही स्टूडेंट जूली से शादी रचा ली थी।



# जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया गांधी प्रतिमा पर दुःख

## कांग्रेस कार्यालय पर भाजपाई आए पत्थर बरसाने, फिर भी कांग्रेसियों पर झूठे मुकदमे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ संगठन के जीतू दीवान ने बताया कि शनिवार 21 फरवरी को युवा भाजपाई कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर पहुंचे थे और उन्होंने पथराव किया था। पुलिस भी उनके पथराव को देखते रही। कई कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हुए उलटा कांग्रेसियों पर प्रकरण दर्ज हुए। इन मुद्दों पर गांधी प्रतिमा पर कांग्रेसियों का समूह पहुंचा और वहां दुःख व अफसोस जताते हुए गांधीजी से प्रार्थना की गई कि इन भाजपाइयों को सद्बुद्धि दें और पुलिस प्रशासन की आंखें भी सच्चाई के लिए खोले। कांग्रेस ने कार्रवाई के लिए पंढरीनाथ पुलिस में शिकायत की है। पहले पुलिस आवेदन ही ले रही थी, जब एक घंटे तक वीडियो फुटेज दिखाए तब जाकर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए, जबकि भाजपा के कई लोग पत्थर फेंकते नजर आ रहे हैं। जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि भाजपाइयों को सद्बुद्धि दें कि वे बार-बार कांग्रेस के गांधी भवन पर आक्रमण नहीं करे, यह तीसरी बार आक्रमण किया गया है। कांग्रेसियों पर लगे झूठे प्रकरण वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान जीतू दीवान, सुनील यादव, आशुतोष मिश्रा, सचिन सेन, शेख समीर, सफदर नकवी, शहजाद लोहार, मीत धारीवाल, लालू पठान, डॉ. खालीकुर्रहमान, महेश श्रीवास, सुनील शर्मा, सुनील चौहान, विपिन शर्मा, सूरज बोराडे, दिनेश बोराडे, महबूब खान उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री ने दी 85 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## नानाजी देशमुख की प्रतिमा का अनावरण, महूगांव को मिलेगा 100 बिस्तरों का नया अस्पताल







इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल आम्बेडकर नगरी महू में विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन के आयोजन में शिरकत की। महू विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 85 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देकर भूमिपूजन और लोकार्पण किया। वहीं नानाजी देशमुख की प्रतिमा का अनावरण और नानाजी देशमुख पर्यटक स्थल का लोकार्पण भी किया गया। महूगांव में 100 बिस्तरों का नया अस्पताल बनाने के मार्ग को भी मुख्यमंत्री ने कल प्रशस्त किया। वहीं एक सौगात और मुख्यमंत्री ने दी अब महूगांव नगर परिषद को नगर पालिका का दर्जा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आदिवासी नायक टंट्या मामा के सम्मान में किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया और भगोरिया उत्सव को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने के निर्णय की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 38 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महू तथा एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित चंद्रशेखर आजाद सरोवर (काकड़पुरा तालाब) पार्क एवं घाट का भी लोकार्पण और सम्पूर्ण क्षेत्र का अवलोकन भी किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि महू-खंडवा रेल लाइन का कार्य भी शीघ्र पूर्ण होगा तथा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रेल सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

## पार्षद बसवाल बने प्रदेश सहमीडिया प्रभारी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवानसिंह परमार की टीम में वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल को मोर्चा में प्रदेश सहमीडिया प्रभारी का दायित्व मिला है। पुष्यमित्र भार्गव, सुमित मिश्रा, महेन्द्र हार्डिया, उमेश मंगरोला सहित अन्य ने बधाई दी।





दिवंगत नीना देवी अग्रवाल को पुष्पांजलि भी अर्पित की

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में अग्रवाल ने दिया समर्पण निधि चेक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल वरिष्ठ समाजसेवी और उद्योगपति विनोद अग्रवाल के घर पहुंचकर स्व. नीना देवी अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विनोद अग्रवाल ने समर्पण निधि का चेक भी मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भेंट किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, तपन अग्रवाल, रानू अग्रवाल, बबलू मित्तल भी मौजूद रहे।



## भाजपा नेत्री से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** गांधी भवन यशवंत रोड के समीप भाजपा नेत्री बिन्दु चौहान पत्थर से घायल हो गई थी और उन्हें उपचार के लिए सीएचएल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का इन्दौर प्रवास हुआ था। मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर बिन्दु चौहान से मुलाकात कर उपचार की जानकारी ली और परिजनों से भी चर्चा की।

# 'सबके राम' आयोजन के लिए भूमिपूजन में मंत्री

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सबके राम लोक कल्याण समिति द्वारा दशहरा मैदान पर 'सबके राम' आयोजन किया जाना है। श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ, भव्य प्रेम मंदिर की प्रतिकृति बनेगी विभिन्न राज्यों की संस्कृति भी उतरेगी। इस आयोजन की तैयारी के लिए कल दशहरा मैदान पर भूमिपूजन कर आयोजन रास्ता का श्रीगणेश हुआ। महेन्द्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक जीतू जिराती, दीपक जैन टीनू, अनूप शुक्ला, दीपेश व्यास, अण्णा महाराज, दादू महाराज, पवनदास महाराज, वीरेन्द्र गोयल, किरण



जोशी, हेमंत मालवीय, मूलचंद, गौतम शर्मा मौजूद थे। आयोजन दशहरा मैदान पर 19 से 27 मार्च तक आयोजित होगा। आठ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक होगा, जिसके लिए पृथक से यज्ञशाला का निर्माण होगा। वृंदावन के संत कृपालु महाराज प्रेम मंदिर की प्रतिकृति बनवा रहे है।

# घायल कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने जाने भाजपा नेत्री के हाल

## वानखेडे की हुई कल दोपहर अस्पताल से छुट्टी, राठौर के फैक्चर का होगा आपरेशन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शनिवार को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर युवा भाजपाइयों को दोपहर 1 बजे प्रदर्शन करने पहुंचना था। दो बार की घटना के बाद कांग्रेसी अलर्ट थे और गांधी भवन पर और बाहर पथराव की घटना दलों के नेता और कार्यकर्ताओं के बीच घटी। इस घटना में दोनों ही दलों के नेता और कार्यकर्ता घायल हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे का कल 24 फरवरी को जन्मदिन है, उसके पहले 21 फरवरी को वे पत्थर लगने से घायल हुए थे। घायल अवस्था में उन्हें सीएचएल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। वहीं पर भाजपा नेत्री बिंदु चौहान भी घायल होकर उपचाररत थी। जिनका स्वास्थ्य हाल जानने कल विपिन वानखेडे उनके कक्ष में पहुंचे। दोनों ने एक-दूसरे का हाल जाना और दोनों के लिए जल्द स्वस्थ होने की दरकार भी हुई। वानखेडे का भी सिर का पूरा इलाज और जांचे भी हुई। चिकित्सकों को चिंता थी कि कहीं पत्थर लगने के बाद रक्त का थक्का सिर में ना जमा हो गया हो, कहीं कोई क्लाट ना हो इसकी जांच की गई और कल दोपहर 3 बजे के करीब विपिन वानखेडे की छुट्टी अस्पताल से हुई। अभी वे घर पर आराम पर हैं और कल जन्मदिन अलग है। इधर कांग्रेस नेता विजय राठौर के नाक में एक्सरे और मशीनों से जांच की गई। उसी के बाद उनके नाक में फैक्चर का आपरेशन अब दो दिन बाद किया जाना है। दानिश खान और देवेन्द्रसिंह यादव को सामान्य चोटें आई थी।



# पूर्व विधायक ने किया जनता से संवाद



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने वार्ड 16 के कई स्थानों पर जनता से सीधा जनसंवाद किया। संवाद में आई समस्याओं को सीधा अधिकारियों को बताया और कहा कि शासकीय मीडिल स्कूल नन्दबाग को भी बेहतर बनाएंगे। अवैध कालोनियों में भी विकास वैध कालोनियों की तर्ज पर होने की बात भी विजयवर्गीय ने बताई। पेयजल, गंदा पानी, ड्रेनेज लाइन सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। पार्षद सोनाली मुकेश धारकर एवं भाजपाई पदाधिकारी, कार्यकता, अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा से मुकाबला के लिए 85 वार्डों में प्रभारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि अब भाजपा से और ताकत से मुकाबला किया जाएगा। राजीव विकास केन्द्र की 85 वार्डों में प्रभारियों की घोषणा की गई।

# कांग्रेसी कल जाएंगे भोपाल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल भोपाल में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंचेंगे, जो किसान सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इंदौर से भी कांग्रेस की महिला नेत्रियां बस ले जा रही है। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का दावा है कि 100 से अधिक फोर व्हीलर हम शहरी साढ़े पांच विधानसभाओं से ले जाएंगे।

# मतदाता सूची से नाम हटे तो कांग्रेस ने पूछा जुड़े कैसे थे?

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोदकुमार द्विवेदी ने सवाल उठाया कि एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश के साथ इंदौर के भी मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। मतदाताओं की सूची का शुद्धिकरण किया गया। इस पर द्विवेदी ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग ने लाखों की संख्या में नाम तो कम करवा लिए, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि यह नाम जुड़े कैसे थे और कम किस आधार पर हुए हैं। पूर्व में मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए जो आवेदन आए वह आवेदन अब कहां गए हैं। क्या मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों के नाम जाली मतदाता पहचान पत्र निरस्त होने की विधिवत कार्रवाई होगी और क्या इन मतदाताओं क़े पहचान पत्र के कारण आधार कार्ड बने, पेन कार्ड बने, लाइसेंस बने क्या, उन्हें भी निरस्त करने की कार्रवाई चुनाव आयोग करवाएगा। द्विवेदी ने कहा कि चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण देना चाहिए कि प्रदेश भर में लाखों नाम मतदाता सूची में बिना सत्यापन, बिना आधार के कैसे जुड़ गए थे। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि सन् 2014 से केंद्र में भाजपा सरकार है तथा मप्र में भाजपा सरकार 2003 से 2014 के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता पहचान पत्र बनाने का ठेका गुजरात की कंपनियों को दिया गया था। चुनाव आयोग बताएं उसमें से कितनी कंपनियों द्वारा अभी भी काम किया जा रहा है। द्विवेदी ने कहा कि चुनाव आयोग को शायद जानकारी हो कि इंदौर में गुजरात के अहमदाबाद की कंपनी एगो प्रायवेट लिमिटेड कंपनी मतदाता पहचान पत्र बनाने का काम कर रही थी। लाखों नकली मतदाता पहचान पत्र बनाने का आरोप लगा पुलिस रावजी बाजार ने प्रकरण दर्ज किया। तात्कालीन कलेक्टर आकाश त्रिपाठी के निर्देश पर कंपनी के 18 लोगों पर मामला दर्ज हुआ कंपनी काम समेट कर चली गई। यह उदाहरण सिद्ध करता है कि मप्र में विभिन्न जिलों में मतदाता पहचान पत्र बनाने का काम निजी कंपनियों को दिया गया और बड़े-बड़े खेल हुए। क्या चुनाव आयोग विभिन्न जिलों में जांच करेगा या ये मतदाता सूची से बाहर हुए नामों की सूची जारी कर इतिश्री कर लेगा।





## मंत्री और सांसद सिंधी समाजजनों के आयोजन में रहे मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सिंधी महोत्सव के अन्तर्गत सिंधी साहित्य अकादमी म.प्र एवं भारतीय सिंधु सभा द्वारा लाभ मंडपम में सिन्धु, सिन्धी और सिन्धियत पर आधारित 'जर्नी ऑफ सिंधी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंकज फतेहचंदानी, नरेश फुंदवानी, सरिता मंगवानी ने बताया कि कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी भी बतौर अतिथि मौजूद रहे। बैंड के 23 लोगों को ने लाइर म्यूजिक भी दिया। एआई द्वारा तैयार ग्राफिक्स का इस्तमाल भी किया गया।



## कांग्रेस सेवादल ने किया ध्वज वंदन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस सेवादल ने ध्वज वंदन का आयोजन किया। मुकेश ठाकुर, कमलेश पाठक, जितेन्द्रसिंह ठाकुर, लक्ष्मीनारायण पाठक, प्रहलाद महावर, आशीष यादव, दीपक सोनी, अश्विन जोशी, गोपाल शर्मा, लकी सोनक्या, सचिन यादव, विनोद यादव, गोलू निर्वाणा मौजूद थे।**



## पूर्व मंत्री सुरेश सेठ को याद किया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पूर्व मंत्री सुरेश सेठ की पुण्यतिथि पर सुरेश सेठ विचार मंच द्वारा इंदौर समाचार परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौजूद लोगों ने उद्बोधन भी दिए। कनुप्रिया कांग्रेस में शामिल होने पर उनका स्वागत भी किया गया। अर्चना जायसवाल, राहुल निहोरे, श्यामसुन्दर यादव, मीना श्रीवास्तव, देवेन्द्र साहू, भरत भानु ओझा, ज्ञानी रायकवार, हरि मरमट, सुनील झिंझोरिया, हीरालाल वर्मा, अनुराग शुक्ला, ललित शर्मा, सलमान मंसूरी मौजूद थे।

## राधाकृष्ण बाना को लेकर हुई बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

संस्था मातृभूमि के जयदीप जैन ने बताया कि संस्था द्वारा 2 मार्च को मल्हारगंज क्षेत्र से बड़े रूप में बाना निकाला जाना है। इस आयोजन को लेकर कल मोदी की नसिया बड़ा गणपति पर बैठक का आयोजन किया गया। इस बाना की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। जिम्मेदारियां भी तय की गई। पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, जयदीप जैन, वीरेन्द्र गुप्ता, नवीन गोधा, पंकज मूंदड़ा, निरंजनसिंह चौहान, अशोक चौहान, विजय वरकिया, नितिन जैन, तेजकुमार सेन,



मंजू ठाकुर, सुनीता जयपाल, संध्या यादव, गायत्री कुमावत, संगीता शर्मा, नितिन अग्रवाल, मुकेश गोयल, ललित निर्भान, बंटी बूब, पवन राठौड़, महेश जायसवाल, रामा भावसार, जीतू गोयल, सतीश मारू, रमाकांत गुप्ता, सूरज सोलंकी, कमल राठौर, राजेश गंगवाल, तुलसीराम राठौर, अमर गोयनका, कैलाश भावसार, प्रेम राठौर मौजूद थे।

## भाजपा नेता के भाई ने जहरीली वस्तु खाकर की खुदकुशी

**इंदौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र के चंद्रभागा इलाके में पपीता व्यवसायी द्वारा जहरीली वस्तु खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक मंगलेश पचौरी (50) भाजपा नेता दीपेश पचौरी के बड़े भाई थे। पुलिस के मुताबिक, मंगलेश ने रविवार शाम को अज्ञात जहरीला पदार्थ गटक लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल गोकुलदास अस्पताल ले गए, जहाँ उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। एएसआई अनार सिंह ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिसके कारण आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। मंगलेश चोइथराम मंडी में पपीता व्यवसाय से जुड़े थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पटवारी ने किसानों के साथ खाट पंचायत के दौरान लगाया पिता को फोन

## पूछा खेती में इस वर्ष आमदनी हुई या नहीं

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रदेश कांग्रेस के मुखिया जीतू पटवारी किसानों के साथ खाट पंचायत का जगह-जगह आयोजन कर रहे है। कल भोपाल के समीप अचारपुरा गांव में किसानों के बीच उन्होने अपने पिता को फोन लगाया और इस वर्ष हो रही खेती को लेकर चर्चा की। उन्होने पिता से पूछा कि इस वर्ष आमदनी कितनी हुई।

जीतू पटवारी अपनी अदाओं के कारण चर्चा में बने रहते है। वे कल किसान चौपाल के दौरान किसानों से चर्चा कर रहे थे। इसी बीच उन्होने कहा कि अभी मैं अपने पिता को फोन लगाता हूं,



हालांकि दुनिया में मैं एक ही इंसान से डरता हूं लेकिन फिर भी उन्हें फोन लगाता हूं। उन्होने पिता से पूछा कि आप कहां पर है तब उन्होने कहा कि मैं बिलावली खेत पर हूं। पटवारी ने पूछा कि क्या बोया है तो पिता ने जवाब दिया आलू निकल रहे है, जिसके बाद पटवारी ने जब पूछा कि कुछ आमदनी हुई या नही, तो उनके पिता ने जवाब दिया कि केवल खाद और बीज का ही खर्चा निकला है और गेहूं की फसल तो आड़ी पड़ गई है। पूरे मामले का वीडियो पटवारी ने जारी भी किया है।

# अब जिला प्रशासन का शुरू होगा टैक्स वसूली अभियान

## अब तक केवल 30 करोड़ की हो सकी है वसूली

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। जिला प्रशासन के द्वारा अब डायवर्सन टैक्स की राशि की वसूली के लिए अभियान शुरू किया जाएगा। अब तक इस टैक्स की राशि के रूप में मात्र 30 करोड रुपए इकट्ठा हो सके हैं।**

जमीन के उपयोग का डायवर्सन करने पर जिला प्रशासन के द्वारा डायवर्सन टैक्स लगाया जाता है। हर साल डायवर्सन टैक्स की वसूली के लिए प्रशासन की ओर से अभियान शुरू किया जाता है। इस साल यह अभियान अब तक शुरू नहीं हो सका है। अभी तक प्रशासन का अमला चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के अभियान में लगा हुआ था। इस अभियान का काम अब पूरा हो गया है। शनिवार के दिन मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी कर दिया गया है।

अब जिला प्रशासन के द्वारा बकाया टैक्स की वसूली के कार्य को प्राथमिकता के साथ शुरू किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कार्य योजना तैयार कर ली गई है। इस कार्य योजना के अनुसार काम करते हुए अब उन सभी लोगों के नाम पर नोटिस जारी किए जाएंगे जिन पर की टैक्स की राशि बकाया है। प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों पर 100000 से ज्यादा की राशि बकाया है उनके नाम पर अब सबसे पहले नोटिस जारी किए जाएंगे। उसके साथ ही इन लोगों से राशि वसूल करने के लिए उनकी संपत्ति की ज़ब्ती और कुर्की का काम भी किया जाएगा।



## संघ से जुड़ी फिल्म शतक को देखा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एयरपोर्ट रोड स्थित सिने स्क्वेयर सिनेमा में 'फिल्म शतक' का आयोजन किया गया। दलित भाजपा नेता मनोज परमार ने यह आयोजन करवाया। पवनदास महाराज, यजत्रदास जी महाराज सहित अन्य मौजूद थे।

# बिल्लियों के कारण एम वाय अस्पताल के अधीक्षक को नोटिस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एम जी एम मेडिकल कॉलेज के डीन ने एम वाय अस्पताल में बिल्ली पाए जाने पर अस्पताल अधीक्षक के नाम नोटिस जारी कर दिया है। इस नोटिस में अधीक्षक से एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है।**

पिछले दिनों अस्पताल में बिल्लियों के भ्रमण के फोटो अखबारों में प्रकाशित हुए थे। इसके साथ ही यह सवाल उठाया गया था कि जब अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर से लेकर एड्स के मरीजों के वार्ड तक बिल्लियां घूमेगी तो फिर इन्फेक्शन होगा या अच्छा वातावरण रहेगा। इस जानकारी के सामने आने के बाद एम ए अस्पताल के प्रबंधन के द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए। प्रबंधन तो इस पूरे मामले को बहुत सामान्य प्रक्रिया के रूप में ले रहा था।

अब इस मामले को एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन अरविंद घनघोरिया ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक डॉ अशोक यादव के नाम पर नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में डॉक्टर यादव से कहा गया है कि 7 दिन के अंदर इस बात का जवाब दें कि अस्पताल में बिल्ली क्यों और कैसे घूम रही है। इसके साथ ही इस नोटिस में यह भी कहा गया है कि अस्पताल के परिसर में किसी भी तरह के पशु के विचरण को रोका जाएं। इसके लिए अस्पताल परिसर में अलग-अलग काम करने का ठेका लेने वाली एजेंसी के साथ समन्वय बनाया जाए।

### बड़ी जल्दी याद आ गई

मेडिकल कॉलेज के डीन को अस्पताल के अधीक्षक को नोटिस देने की याद बड़ी जल्दी आ गई है। पिछले काफी समय से अस्पताल कभी चूहों के कारण चर्चा में है तो कभी बिल्ली के कारण। अब तक अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इस स्थिति को बदलने की दिशा में कोई काम नहीं किया गया है। चूहा बिल्ली के घूमने के कारण अस्पताल में इलाज की व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

## कांग्रेसी हो रहे हैं 5 वार्डों की समस्याओं के लिए एकत्रित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राऊ विधानसभा के वार्ड 74 से 78 की समस्या के लिए शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित पांचों वार्ड के स्थानीय कांग्रेसी, ब्लॉक पदाधिकारियों का एकत्रिकरण हो रहा है। सभी कांग्रेसी इन पांच वार्डों की समस्याओं को लेकर बिलावली झोन क्रमांक 13 का घेराव करेंगे।

## भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हर माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण होता है। कल 131वें एपिसोड पर इंदौर के भाजपाइयों ने अलग-अलग जगह प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने विधानसभा 1 के वार्ड 9 बूथ 120 के कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात को सुना। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश सरकार के बजट पर दिए उद्बोधन को भी सुना। भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने भी अलग-अलग जगह अलग-अलग बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना।

# निगम के मार्केट में भी मिला गंदगी का अंबार

## जर्जर हो चुके मार्केट की स्थिति अब सुधारी जाएगी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**इंदौर नगर निगम के द्वारा बनाए गए मार्केट में भी साफ सफाई की स्थिति भयंकर खराब है। इसके चलते हुए इन मार्केट में भी गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। अब नगर निगम के द्वारा खराब हो चुके मार्केट की स्थिति को भी सुधारा जाएगा।**



नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज नवलखा लोहा मंडी क्षेत्र में स्थित निगम मार्केट का अवलोकन किया गया। इस दौरान दुकानों की संरचनात्मक स्थिति, व्यापारिक गतिविधियों एवं परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। आयुक्त द्वारा संबंधित क्षेत्रीय दरोगा एवं सीएसआई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र शहर की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होते हैं, अतः यहां स्वच्छता एवं सुव्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए।

आयुक्त द्वारा नंदलालपुरा क्षेत्र में स्थित वीर सावरकर फ्रूट मार्केट, पालिका प्लाजा मार्केट, डीआरपी लाइन, सुभाष नगर, शास्त्री मार्केट, मालगंज चौराहा मार्केट एवं आसपास के अन्य निगम मार्केटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन मार्केटों में दुकानों की स्थिति जर्जर अथवा अव्यवस्थित पाई गई, उनके लिए समुचित सुधारात्मक कार्ययोजना (प्लानिंग) तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। आयुक्त ने निर्देशित किया कि मार्केटों का चरणबद्ध उन्नयन, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण किया जाए ताकि व्यापारियों एवं नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# फरवरी में नगर निगम ने शुरू की बारिश की तैयारी

## इस बार समय से पहले बारिश में होने वाली समस्याओं को दूर करने में जुटे निगम आयुक्त

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**बारिश के दौरान होने वाली समस्याएं आम नागरिकों को परेशान नहीं करें इसके लिए नगर निगम आयुक्त ने फरवरी माह में ही जुलाई माह की तैयारी करना शुरू कर दी है। उन्होंने बारिश के लिहाज से होने वाले सभी काम करने के लिए कहा है ताकि कोई भी काम न वक्त पर टेंडर प्रक्रिया या फिर फाइलों में उलझा हुआ नहीं रहे। उन्होंने सभी ऐसे निर्माण कार्य जो बारिश के लिए हाथ से आवश्यक है उनकी सूची अलग-अलग विभागों से मांगी है साथ ही निगम अमले को प्रतिदिन क्रमवार चैंबरों की सफाई निरंतर करने के निर्देश दिए हैं।**

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि बारिश के लिहाज़ से इंदौर शहर को तैयार किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि हर साल जो परंपरागत समस्याएं बारिश के समय उत्पन्न होती है और उनका निराकरण तात्कालिक रूप से करने का प्रयास और मौके पर किया जाता है वह स्थिति इस बार नहीं बने इसीलिए हमने सभी जॉन अधिकारियों एवं निगम इंजीनियरों से अपने-अपने जोन की समस्याओं की फीडबैक रिपोर्ट तैयार करवाई है। इस रिपोर्ट के आधार पर समस्याओं का विश्लेषण किया जा रहा है और उसके आधार पर वर्तमान में जो आवश्यक कार्य हैं उनको पूरा करने के लिए योजना बनाई जा रही है। फीडबैक में एक बात समान रूप से सामने आई है जल जमाव जिसका कारण चैंबरों की सफाई और अवैध निर्माण है। चेंबर की सफाई के लिए पूरे शहर में रूटिंग सिस्टम बनाने के लिए कहा है। हर दिन चेंबर की सफाई होगी, पूरे साल का रोस्टर तैयार किया गया है साथ ही इस बात का ध्यान रखा गया है कि कर्मचारी केवल फौरी तौर पर चैंबर सफाई के दावे ना करें इसीलिए रोबोटिक कैमरा एवं लाइव फुटेज के माध्यम से चैंबर सफाई की मॉनिटरिंग की जा रही है।। वहीं अवैध निर्माण की सूची भी बनाई जा रही है जिसके कारण जल जमाव की स्थिति बनती है।

निगम आयुक्त ने बताया कि सड़कों का सुधार भी जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। सड़कों का निरंतर रखरखाव किया जाए और समय पर पैच वर्क करें तो बारिश में सड़क अधिक खराब नहीं होगी और सड़कों का मेंटेनेंस करना भी नगर निगम के लिए आसान होगा इसीलिए सभी सड़कों पर निरंतर डामरीकरण किया जाएगा। जिन सड़कों को खोजा गया है और लाइन डाली जा रही है उन सड़कों के लिए विशेष रेस्टोरेशन कार्य की सूची बनाई गई। तीन माह तक मिट्टी को सेटल होने के लिए कच्चा पैच वर्क होने के बाद बारिश से पूर्व सभी सड़कों को सुधारने के निर्देश दिए हैं।। ऐसी सड़के जिनको लाइन डालने के लिए खोदा गया था और तीन से चार महीने हो चुके हैं वहां पक्का पेचवर्क करवाना सभी जोन अधिकारियों एवं जनकार्य विभाग की जिम्मेदारी है। अपर आयुक्त को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि इस काम की मॉनिटरिंग लगातार करें।

# धार रोड पर खर्च होंगे 13 करोड़

## बेटमा से सागोर तक के मार्ग का किया जाएगा नवनिर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**लोक निर्माण विभाग के द्वारा धार रोड पर 13 करोड रुपए से ज्यादा की राशि खर्च करने की योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत बेटमा से लेकर सागोर तक के मार्ग का नव निर्माण किया जाएगा।**

पश्चिम क्षेत्र की धार रोड की हालत कई स्थानों पर बहुत ज्यादा खराब है। सिरपुर तालाब से आगे जाने पर अलग-अलग हिस्से खराब सड़क के मिलते हैं। ऐसे में इस सड़क को सही करने के लिए कई बार आवाज उठती रही है। नेशनल हाईवे के द्वारा सिरपुर तालाब के आगे से मार्ग को चौड़ा और बेहतर बनाने का काम भी किया गया है। इस मार्ग पर बेटमा से सागोर के लिए एक रास्ता जाता है। इस रास्ते की हालत बहुत ज्यादा खराब है। इस रास्ते की कुल लंबाई 5.70 किलोमीटर है। यहां पर यातायात का दबाव ज्यादा होने के कारण सड़क की बुरी स्थिति नागरिकों को परेशान कर देती है। वाहन चालक तो इतने परेशान होते हैं कि उनके लिए अपने गंतव्य तक पहुंच पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के द्वारा बेटमा सागोर मार्ग के उन्नयन का कार्य करने का फैसला लिया गया है। इस कार्य के तहत सड़क का नवनिर्माण और चौड़ीकरण करने के साथ ही साथ वहां पर बिजली के खंभों की शिफ्टिंग का कार्य भी किया जाएगा। इस कार्य पर 13.18 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। विभाग के द्वारा इस कार्य को करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। अब कार्य को अंजाम देने वाली एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू किया गया है।

### सड़क बनने में लगेगा एक साल

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि चाहे यह सड़क करीब पौने 6 किलोमीटर की है लेकिन इसके निर्माण में 1 वर्ष की अवधि लगने का अनुमान है। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि वर्षा काल सहित एक साल में इस सड़क का निर्माण पूरा किया जा सकता है। विभाग के द्वारा मार्च में इस सड़क के निर्माण की एजेंसी फाइनल करने के साथ ही मार्च के अंत या अप्रैल में काम शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

# गैस लाइन डालने वाले कर रहे हैं मनमानी

## *बिना विशेषज्ञ तकनीकी जानकार के दिहाड़ी मजदूर के माध्यम से लाइन डालने के लिए खुदाई की जा रही है*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अवंतिका गैस लाइन डालते समय नर्मदा लाइन को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिसके कारण नर्मदा लाइनों में टूट फूट हो रही है। आसपास के लोग जब अवंतिका गैस लाइन डालने वालों से पानी की लाइन को रिपेयर करने की बात करते हैं तो अनसुनी करते हुए अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। शहर के के इलाकों में अवंतिका गैस लाइन डालने का कार्य चल रहा है। कॉलोनी में अवंतिका गैस सप्लाई करने के लिए नर्मदा पानी की लाइन के नीचे गैस लाइन बिछाई जा रही है लाइन बिछाते समय अवंतिका गैस के कर्मचारियों से नर्मदा की पाइप लाइन में तोड़फोड़ हो जाती है, जिसके कारण भारी मात्रा में जल का रिसाव हो रहा है। नर्मदा जल की पाइप लाइन में आसपास की गंदगी मिल रही है इसकी ओर अवंतिका गैस के कर्ताधर्ता कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। मनमाने तरीके से नर्मदा की लाइन जो की



नवाचार रूप में डाली गई है उस स्थान को पुनः खोदकर उसमें अपनी कमर्शियल लाइन डालकर जनता के आंखों में धूल झोंक कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं इंदौर नगर निगम और अवंतिका गैस लिमिटेड के बीच में साक्ष अनुबंध निश्चित हुआ है लेकिन अनुबंध में दी गई शर्तों का पालन अवंतिका गैस एजेंसी के कर्ताधर्ता नहीं कर रहे हैं। गैस लाइन की खुदाई की जा की जाकर नर्मदा पानी की लाइन के नीचे सटकर गैस सप्लाई लाइन डाली जा रही है। मामला सूर्य देव नगर का देखने में आया है। वैसे तो इंदौर की कई कॉलोनी में अवंतिका गैस लाइन का कार्य संपादित होता रहा है। गैस लाइन को नर्मदा पाइपलाइन के नीचे डालना क्या निगम प्रशासन से अनुमति ली गई है यह सोचनीय प्रश्न है क्योंकि नर्मदा जलप्रदाय की लाइन व्यवस्थित डाली गई है जिसे किसी प्रकार का भी नुकसान अगर होता है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा यह अभी निश्चित नहीं है।

# कभी बादल तो कभी धूप निकलती रही



## दक्षिण की नमी हवा से मौसम में आ रहा है बदलाव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं कभी तेज ठंड तो कभी गर्मी, तो कभी सुबह-शाम ठंडक, तो कभी पानी गिरना और कभी बादल बनने का क्रम चल रहा है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभी भी दक्षिण से आने वाली नमी की हवाओं के कारण मौसम में परिवर्तन हो रहा है। नमी की हवाओं के चलते बादल अलग-अलग ग्रुप में बन रहे हैं, जिससे धूप-छांव का मौसम बन रहा है, कभी बदली के कारण सूर्यदेवता बादलों की आड़ में आते हैं, तो कभी तेज धूप निकल रही है। शर्मा के मुताबिक अभी तीन से चार दिन मावठा की संभावना नहीं है, वहीं ठंड लगातार अब कम होगी और दोपहर का मौसम भी धीरे-धीरे गर्म होता चला जाएगा और सुबह-रात में भी ठंडक कम होती चली जाएगी।

## थूकने पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सड़कों पर थूककर लाल निशान करने वालों के खिलाफ अब मुहिम शुरू हो चुकी है। झोन 21 के केट चौराहे के पास जेप्टो प्राइवेट लिमिटेड के राइडर्स और कर्मचारियों द्वारा सड़क पर थूक कर गंदगी फैलाने पर निगम ने 25 हजार रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। सीएसआई विजय यादव, सहायक रवि सिंह ने उक्त कार्रवाई कर जानकारी दी।**





## तीन दिनों की जात्रा हो गई लेकिन गांधी हॉल में गंदगी फैल गई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गांधी हॉल परिसर में तीन दिवसीय जात्रा का आयोजन किया गया, जिसका समापन कल हुआ और आज सुबह जब लोग यहां घूमने पहुंचे तो उन्हें कई जगह गंदगी फैली नजर आई। यहां संबंधित फूड स्टॉल भी लगे थे, सामान ज्यादातर उठ चुका था, लेकिन गंदगी की सफाई नहीं हुई उससे आज सुबह घूमने वालों से लेकर अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, क्षेत्र में कई जगह गंदगी के कारण बदबू भी फैली हुई थी।

## मेडिटेशन योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुलिस अधीक्षक पीटीसी राजेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया की पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में कल पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में 'हार्टफुलनेस मेडिटेशन' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को मानसिक संतुलन, आंतरिक शांति एवं तनाव प्रबंधन के प्रभावी उपायों से अवगत कराना था। अधिकारी गीता चौहान, राममूर्ति शाक्य, अलका सिंगार के अलावा पीटीसी अधिकारी, कर्मचारी और 78वें सत्र के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# हिन्दी गौरव अलंकरण उपाध्याय और तारे को दिए




इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 'मातृभाषा उन्नयन संस्थान' द्वारा प्रेस क्लब में हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वर्ष 2026 का हिन्दी गौरव अलंकरण साहित्यकार नर्मदा प्रसाद उपाध्याय व अतुल तारे को दिया गया। अतिथि विष्णु सदाशिव कोकजे, राकेश सिंघई, प्रो. संजय द्विवेदी थे। वहीं कमलेश दवे, डॉ. पंकज प्रसून चौधरी, निशा पण्डित, पुष्पेंद्र जोशी पुष्प, शिवांगी प्रेरणा को काव्य गौरव दिया गया। संध्या राणे के कविता संग्रह 'शुभम् करोति' का लोकार्पण भी हुआ। नितेश गुप्ता, डॉ. नीना जोशी, पारस बिरला, राजेश यादव, विलास राणे, मणिमाला शर्मा, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, डॉ. अर्पण जैन, श्याम कामले,पुरुषोत्तम दुबे, योगेन्द्रनाथ शुक्ल, डॉ. पद्मा सिंह, जयंत भिसे, हरेराम वाजपेयी, जय सिंह रघुवंशी, संध्या रॉय चौधरी, डॉ. सुनीता फड़नीस, डॉ. सुशीम पगारे, लक्ष्मीकांत पंडित, डॉ. अनुपमा समाधिया, विनीता तिवारी, विश्वनाथ कदम, डॉ. अनुपमा छाजेड़, अभय तिवारी, मॉर्टिन पिंटो, धर्मेश यशलहा, डॉ. अरुण सिर्वी, प्रशांत राव चोरसे, सौरव गौसर, अभय तिवारी, संजय पंजवानी, सुरेखा सिसौदिया, रमेशचन्द्र शर्मा, आशीष पँवार, चेतन जोशी, डॉ. अखिलेश राव मौजूद थे।



## विद्यार्थियों के बीच क्वीज प्रतियोगिताएं, प्रस्तुतियां भी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। छत्रपति शिवाजी पब्लिक स्कूल उषा नगर इन्दौर में विद्यार्थियों के लिए मराठा समाजजनों की मौजूदगी में क्वीज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन किया गया। डॉ. माया इंगले, एडवोकेट मनोहर पंवार, रवीन्द्र सोमवंशी,राजेश निकम, डॉ. आनंद मोरे,विकास चव्हाण, अशोक गायकवाड सुरेश सुरोशी, जी.आर.कदम, विनोद जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## शैलेंद्र रावल बने एससी महासभा के जिलाध्यक्ष

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एससी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सूरज सकरवार ने शैलेन्द्र रावल खजराना को इंदौर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। लगातार दलित वर्ग के लिए रावल काम कर रहे है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष निर्मल रोकड़े के नेतृत्व में खजराना स्थित पब्लिक स्कूल पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। राजा पठान, शेरा पवांर, राहुल पंवार, अंकित मालवीय, सुमित कनाडे ,राहुल चौहान, अभिषेक कोचले, चिन्टू फरकले, विजय जाटवा, विकाश मण्डलोई, मनीष भालसे, सुखदेव सांवले, अविनाश पंचोली, भूपेंद्र शारदे मौजूद थे।

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। चित्रकला प्रतियोगिता के साथ छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित चार दिवसीय सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयन्ती समारोह का समापन कल शिव मंदिर उषा नगर एक्सटेंशन में किया गया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किए। अतिथि अभिषेक चेंडके, हरिशंकर रायकवार थे।



एडवोकेट मनोहर पंवार ने बताया कि कक्षा 7वीं की छात्रा काव्या पंवार ने ओजस्वी उदबोधन दिया। 150 विद्यार्थियों ने शिवाजी महाराज पर चित्र बनाए। विजेता विद्यार्थी पुरस्कृत किए गए।



## 'भारतीय भाषा पर्व' का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति एवं भारतीय भाषा संवर्धन समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में 'भारतीय भाषा पर्व' का आयोजन नूतन स्कूल चिमन बाग में संपन्न हुआ। अतिथि वरिष्ठ अधिकारी पी. नरहरि, मेजर जनरल सरबजीत सिंह, प्रवीण गुप्ता थे। कई भाषा के समाजजनों की मौजूदगी में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। प्रदर्शनी, व्यंजन और साहित्य स्टाल भी लगे। रवीन्द्र देशपांडे, रुपेश पाल मौजूद थे।

## अनंतनाथ जिनालय स्थापना महोत्सव पर संत निवास का शिलान्यास



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अनंतनाथ जिनालय के दो दिवसीय स्थापना महोत्सव पर संत निवास एवं श्री अनन्तनाथ औषधालय का शिलान्यास किया गया। एम.के. जैन, होलास सोनी, जैनेश झांझरी, कांतिलाल बम, वीरकुमार जैन, मनीष जैन, सुनील बिलाला, भरत शास्त्री, विनय बाकलीवाल, कैलाश वेद, प्रकाश बड़जात्या, देवेंद्र सेठी, दिलीप डोसी, दिलीप गोधा, सुनील शाह, नेमीचंद लुहाड़िया, सुनील चांदवाण, डॉ. देव पाटौदी, सुशील पाटनी, मनीष लुहाड़िया, संजय शाह, नवीन सोनी, सूरज चांदवाण मौजूद थे।

## दिव्यांग छात्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सर्व समाज जन सेवक संगठन के प्रदेश सचिव सुभाष वर्मा ने बताया कि मूकबधिर संगठन स्कीम नंबर 71 में राधे-राधे सेवा संस्थान, सर्व समाज जन सेवक संगठन एवं अखिल हिंदू महासभा के संयुक्त तत्वावधान में मूकबधिर छात्र-छात्राओं हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नंदलाल यादव सर, रघुवीरसिंह श्रीवास, मोहितानंद महाराज बतौर अतिथि मौजूद थे। उदबोधन भी दिए गए। डॉ. संगीता कौशल, डॉ. उषा पंजाबी, के साथ कई चिकित्सकों ने सेवाएं दी। महेंद्र शर्मा, सुभाष वर्मा, मनीषा अशोक मौर्य, अशोक पाटनी, पर्न उपाध्याय, रवि गौतम, ओम बागडी, अमित त्यागी मौजूद थे।



## परशुराम सेना के स्वास्थ्य शिविर में मिला 180 को उपचार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। परशुराम सेना के अनूप शुक्ला ने बताया कि सीएचएल अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें 180 समाजजनों ने शिविर में उपचार और परामर्श का लाभ लिया। डॉ. मनीष पोरवाल, डॉ. नितिन मोदी, डॉ. सरला मसंद, नीलम बागड़ी, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने सेवाएं दी।

## जोशी को दी बधाई



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सत्येंद्र जोशी को आदि गौड बावीसा ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति के महत्वपूर्ण संविधान संशोधन समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर राष्ट्रीय कलाकार समिति आदि गौड़ ब्राह्मण समाज से जुड़े विकास जोशी ने बधाई दी है।

## श्रीराम नाम लेखन पुस्तिका का विमोचन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रणजीत हनुमान मंदिर में पुजारी दीपेश व्यास ने श्रीराम नाम लेखन पुस्तिका का विमोचन किया। भगवान के जयकारे भी श्रद्धालुओं ने लगाए।



## 'ब्लॉसम्स एंड फ्लेम्स' का समापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आई.बी.एम.आर. द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 'ब्लॉसम्स एंड फ्लेम्स' का दूसरे दिन कथक, लोक, वेस्टर्न और फ्यूजन शैलियों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। महोत्सव के दूसरे दिन परिसर पूरी तरह सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक था। सांस्कृतिक संध्या दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण रही। निधि जैन, डॉ. विवेकसिंह कुशवाह, निधि क्षीरसागर मौजूद थे।



## छोटे बच्चों ने पहला रोजा रख मांगी दुआएं

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रमजान माह में रोजा रख इबादत हो रही है, इरफान पटेल वाघेला की पुत्री 7 साल की इब्बा व अजहरुद्दीन पटेल वाघेला की बालिका 8 वर्ष की अक्सा ने अपना पहला रोजा रखा। दुआएं एवं रोजा इफ्तारी भी की गई। उक्त जानकारी अजहरुद्दीन पटेल वाघेला ने दी।



## कलश यात्रा के साथ मानस सम्मेलन एवं भागवत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धरावराधाम धार रोड पर महंत घनश्याम दास महाराज की 17 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ कल किया गया। महंत सुखदेवदास महाराज ने बताया कि कलश यात्रा भी 25 गांव के भक्तों की मौजूदगी में निकाली गई। जगह-जगह स्वागत हुआ। महिलाएं कलश लेकर यात्रा में चल रही थी। कथा प्रारम्भ होने के पूर्व व्यासपीठ का पूजन भी किया गया।

## लीनेस तेजस्विनी क्लब ने किया हेल्थ टॉक शो

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लीनेस तेजस्विनी क्लब ने हास्पिटल में हेल्थ टॉक शो का




आयोजन किया। संस्था की इति जैन ने बताया कि डॉ. रोमित अग्रवाल, डॉ. रिद्धिमा ओझा, डॉ. नरेन्द्र बोरदिया ने अपने विषय पर सार्थक उद्बोधन टॉक शो में दिए। वेंकटेशवरलू मरापका, अभिषेक चौरसिया, संगीता गोयल, सुषमा, आरती सोनी, रमाकांता सोनी, निलेश घोड़ेला, भावना, इन्दिरा, नरेश, प्रीति, मोहित, नीलेश, दिवेश, हिमांशु सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

## गणेशजी को माहेश्वरी समाजजनों का निमंत्रण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में रविवार एक मार्च को आयोजित संगीत निशा एवं फाग महोत्सव का पहला न्योता जूनी इंदौर स्थित खड़े गणेशजी को समर्पित



किया गया। वृन्दावन की बृज राधा रमण टोली की महिला कलाकारों सहित 24 कलाकार अक्षत गार्डन पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। निमंत्रण में बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजन मौजूद रहे। शारदा प्रकाश अजमेरा, नीताश्री-मोहन सोमानी, गोपालदास राठी, श्याम भांगडिया, आशीष बाहेती, रुपेश भूतड़ा, बलराम बजाज, कैलाश जाजू, महेश लड्ढा, आशीष माहेश्वरी मौजूद थे।



## शुक्ल यजुर्वेद संहिता पारायण का समापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर पिछले दो दिनों से चल रहे शुक्ल यजुर्वेद संहिता पारायण का समापन वेदमूर्ति पं. गौरव जोशी एवं वेदमूर्ति पं. पुष्पक शुक्ला के सम्मान के साथ हुआ। वेदमूर्ति द्वय ने शहर में पहली बार यजुर्वेद के 40 अध्याय के 2 हजार मन्त्रों का कंठस्थ और शास्त्रोक्त विधि से पारायण किया। यशवंत काले गुरुजी, डॉ. प्रफुल्ल जोशी, उपेन्द्र जोशी, तुषार जोशी गुरुजी मौजूद थे।



## खाटू श्याम बाबा के यात्रा में लगे जयकारे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गांधीनगर गणेश मंदिर से खाटू श्याम मंदिर अम्बिकापुरी तक फाग निशान यात्रा श्याम भक्तों द्वारा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम बाबा के जयकारे भी लगाए।

## शास्त्रीय गायिका स्मिता ने दी प्रस्तुति




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यशवंत क्लब परिसर में क्लब द्वारा आयोजित शास्त्रीय गायन में गायिका स्मिता मोकाशी ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। रणजीत सतीश बागड़िया को आलाप जीवन गौरव सम्मान से सम्मानित किया। बांसुरी वादिका रेणुका लिखिते ने बांसुरी पर, तबले पर संगीता अग्निहोत्री और सितार पर स्मिता वाजपेयी ने संगत दी। हार्मोनियम पर रचना पौराणिक और ऑक्टोपेड पर आयुषी मकवाना ने सुधी संगत दी। अतिथि डॉ. सरिता राव, सुचित्रा हरमलकर थी। डॉ. राव ने हृदय रोग पर उदबोधन भी दिया। विजय पारेख, हर्षवर्धन लिखिते, रुपलता पारेख, शीतल पारेख, संजय जगदाले, गौतम काले, पुरुषोत्तम वाघमारे, डॉ. सुरेन्द्र दिल्लीवाल मौजूद थे।

## पार्श्वनाथ मंडल विधान के साथ मनाया स्थापना दिवस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समर्थ सिटी का स्थापना दिवस पर भगवान के मस्तकाभिषेक और शांति धारा का आयोजन किया गया। बडी संख्या में जैन समाजजनों ने मूलनायक भगवान श्री पार्श्वनाथ स्वामी, शांतिनाथ स्वामी, महावीर स्वामी, चंद्रप्रभ स्वामी और आदि तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ स्वामी के प्रथम अभिषेक और शांतिधारा का लाभ लिया। वहीं मंडल विधान का आयोजन भी किया





गया। ओम पाटोदी ने बताया कि धार्मिक लाभ अभिषेक मुन्नालालजी अलका, गर्विता आदर्श, प्राची अखिलेश जैन परिवार, द्वितीय अभिषेक संतोष आशीषपूजा, सौरभ आरजू परिवार, तृतीय अभिषेक ओम कीर्ति, चर्चित ऋषिका, चहेती-धवल पाटोदी परिवार, चतुर्थ अभिषेक अमित निकिता जैन परिवार एवं पंचम अभिषेक शरद कुमार जी, सौमिल, सुलभ स्वाति जैन परिवार ने प्राप्त किया। अन्य लाभ पंकज बाबूलाल जैन परिवार, वैभव ममता आरव, मनीष रिंकी अर्चित आरती जैन, शैलेष रिचा चंदेरिया परिवार ने प्राप्त किया। शुभम जैन, सुलभ जैन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## तळी भंडार और प्रसादी का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'येळकोट येळकोट जय मल्हार ग्रुप' द्वारा इस माह के रविवार को श्री मल्हारी मार्तंड मन्दिर, श्री गोपाल मराठा समाज, 138 लाल बहादुर शास्त्री नगर, लालबाग पैलेस के पीछे, केसरबाग रोड़ पर तळी भंडार का आयोजन किया गया। प्रसाद का वितरण भी हुआ। सुभाष चौहान,रवि हटकर, शंकर जराड, किशोर सोनोने, अनिल जगताप,सच्चितानंद गवली, प्रेम सुनहरे, जितू सोनोने, वीरेंद्र हटकर मौजूद थे।



## सत्य शोधक समाज जाति जोड़ो उत्सव मनाएंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सत्य शोधक समाज अंतराष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव यादव काका,हुकुमचंद जादम सैनी ने बताया कि अप्रेल माह में महात्मा ज्योतिबा फुले, बाबा साहेब डा भीमराव आंबेडकर की संयुक्त जयंती समारोह पर ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज का गोलमेज जाति जोडो उत्सव मनाया जाएगा। युवाओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया। सदाशिव यादव काका,हुकुमचंद जादम सैनी, दीपक मलोरिया रानु, डा. सरदार सिंह कायस्थ, सुशील जार्ज सहित अन्य मौजूद थे।

## भगवान का मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय सैटेलाईट जंक्शन में भगवान 1008 श्री मल्लिनाथ जी का मोक्षकल्याणक महोत्सव में निर्वाण लाडू चढ़ाए। सायंकालीन आरती, भजनों का आयोजन सैटेलाईट जैन समाज के द्वारा किया गया।





## बच्चों को श्री सांवरिया सेठ की धार्मिक यात्रा कराई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** त्रिनेत्रम सामाजिक संगठन द्वारा कालानी नगर स्थित उन्मुक्त आनंद बाल आश्रम के बच्चों एवं वृद्धाश्रम की माताओं को राजस्थान के श्री सांवरिया सेठ मंदिर की निःशुल्क धार्मिक यात्रा करवाई गई। हर्षल चौहान, सूरज जोशी, मनोज देवड़ा, आदेश चौबे, सुधांशु जायसवाल, विनोद अहिवले, राम मनोहर अहीर, गोपाल परिहार, राहुल शेखावत, सुमित जाटव, निक्की परिहार एवं दीपक जैसवाल, सौमिया जैन का योगदान रहा

## छावनी पुलिया से अनाज मंडी तक

# 50 करोड़ की लागत से बनेगी 600 मीटर से ज्यादा लंबी रिटर्निंग वॉल

### दो साल पहले शंकर बाग नाले के आसपास सुरक्षा दीवार नहीं होने से बारिश के दौरान बह गए थे बच्चे

**इंदौर।** विधानसभा 3 के वार्ड क्रमांक 63 में स्थित छावनी क्षेत्र के शंकर बाग नाले से अनाज मंडी पुलिया तक करीब डेढ़ करोड़ की लागत से बेहद जल्द आने वाले दिनों में लगभग 500 मीटर से ज्यादा लंबी रिटर्निंग वॉल बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। जिससे अब इस साल बारिश से पहले सालों पुराने शंकर बाग नाले के आसपास नई सुरक्षा दीवार बनने से शंकरबाग, छावनी हाट मैदान के आसपास की बस्तियां और अन्य रहवासी क्षेत्र के हजारों लोग बारिश से पहले सुरक्षित हो जाएंगे। तेज बारिश के दौरान लोगों के घरों में पानी नहीं घुस पाएगा। इसको लेकर निगम ने समय रहते सुरक्षा दीवार निर्माण की तैयारी शुरू कर दी।

गौरतलब है कि करीब 4 साल पहले सितंबर 2022 में बारिश के दौरान छावनी क्षेत्र के शंकर बाग नाले के पास सुरक्षा दीवार नहीं बनी होने से बारिश के दौरान क्षेत्र के दो बच्चें (सगे



भाई) तेज बारिश के बाद खेलते - खेलते उफनता पानी देखने पहुंचे थे, और अचानक गिरने से नाले में बह गए थे। इस घटना के बाद से क्षेत्र के रहवासी परिवार द्वारा लगातार निगम से यहां बरसों पुराने शंकर बाग नाले से लेकर छावनी अनाज मंडी पुलिया तक नई रिटर्निंग वॉल बनाने की मांग की जा रही थी।

### अगले हफ्ते में जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

क्षेत्रिय पार्षद मृदुल अग्रवाल का कहना है कि विधायक गोलू शुक्ला के लगातार प्रयासों से लंबे समय से अटकी फाइल पिछले दिनों मंजूरी के बाद अब जाकर भूमि पूजन की औपचारिकता के बाद अगले हफ्ते में कभी भी काम शुरू हो जाएगा। यही नहीं हमारा प्रयास है कि अगले चार माह बाद बारिश का सीजन शुरू होने से पहले सालों पुराने छावनी पुल से लेकर संयोगितागंज अनाज मंडी तक रिटर्निंग वॉल निर्माण का काम जल्द पूरा हो जाए। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारियां भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बेहद जल्द शंकर बाग छावनी पुलिया से लेकर अनाज मंडी पुलिया तक लगभग 500 मीटर से ज्यादा लंबी सुरक्षा दीवार का काम पूरा किया जाएगा ताकि बारिश से पहले निर्माण कार्य पूरा हो जाने से क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# 6 फरवरी से शुरू होने थे पात्रता परीक्षा के आवेदन अब तक नहीं हो पाए

### उच्च शिक्षा विभाग ने भेजी थी गाइडलाइन, उसी का पालन नहीं कर पाया डीएवीवी

**इंदौर।** इंदौर सहित प्रदेशभर के कॉलेजों में पीजी एडमिशन के लिए पहली बार होने जा रही पात्रता परीक्षा पर लापरवाही सामने आ रही है। उच्च शिक्षा विभाग ने जो गाइडलाइन भेजी थी, उसी का पालन डीएवीवी नहीं कर पा रही है। क्योंकि 6 फरवरी से आवेदन शुरू होने वाले थे, जो अब तक नहीं हो पाए हैं। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर एग्जाम कब होगी! फिलहाल संभावना है कि 25 फरवरी तक आवेदन हो सकेंगे।

### पैटर्न हो चुका तय, बाकी औपचारिकता

पात्रता परीक्षा का पैटर्न हो गया है। कुल परीक्षा दो घंटे चलेगी। इसमें 100 अंकों के 50 ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। यानी 2 अंकों का हर प्रश्न होगा। पात्रता परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। डीएवीवी में पहली बार पात्रता परीक्षा होने जा रही है। इसके लिए यूजी तीसरे वर्ष के छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**यह भी अहम है-** एमए, एमकॉम और एमएससी के कुल 30 से ज्यादा स्पेशलाइजेशन कोर्स में एडमिशन के लिए यह एग्जाम होगी।

जानकारी के अनुसार सत्र 2026-27 के लिए जो भी यूजी छात्र (थर्ड ईयर के) संकाय बदलकर किसी दूसरे संकाय में पीजी करना चाहते हैं तो उन्हें यह यूनिवर्सिटी एलिजिबिलिटी टेस्ट देना होगा। उदाहरण के लिए अगर बीकॉम व बीएससी

मप्र उच्च शिक्षा विभाग

के छात्र को किसी भी स्पेशलाइजेशन में एमए करना है तो उन्हें यह पात्रता परीक्षा देना होगी। बीए के भी उन छात्रों को पात्रता परीक्षा देना होगी, जो मेजर या माइनर सब्जेक्ट से हटकर किसी अन्य विषय में पीजी करना चाहते हैं। वहीं दूसरी तरफ जो छात्र संबंधित विषय में सीयूईटी पीजी में क्वालिफाई होंगे, उन्हें भी कॉलेजों में पीजी में प्रवेश मिल जाएगा।

### क्या कहते हैं शिक्षाविद

शिक्षाविद कहते हैं, नया सिस्टम छात्रों को समझना होगा। इसमें ग्रेजुएशन से जुड़े ही प्रश्न पूछे जाएंगे। थर्ड ईयर की एग्जाम होते ही, उन्हें पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरू कर देना चाहिए। वहीं परीक्षा से 5 दिन पहले प्रवेश पत्र जारी होंगे। एग्जाम मार्च अंत या अप्रैल में होगी। 30 अप्रैल तक परिणाम जारी होंगे। उसके बाद जो मेरिट बनेगी, उसके आधार पर कॉलेज व कोर्स अलॉट होगा। 1 मई से कॉलेज में एडमिशन शुरू हो जाएंगे। जो छात्र संकाय या फिर मेजर-माइनर सब्जेक्ट बदलकर पीजी करना चाहेंगे, उन्हें अनिवार्य पात्रता परीक्षा देना होगी।

# रेल्वे द्वारा रतलाम मण्डल से होकर गुजरने वाली चार जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा में इंदौर को भी मिली

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** होली के दौरान अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन रेलवे द्वारा किया जा रहा है। इनमें से इंदौर के यात्रियों के लिए भी एक जोड़ी ट्रेन रतलाम मंडल के

**इन्दौर के यात्रियों के लिए 23 फरवरी से 28 मार्च तक हजरत निजामुद्दीन के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेन**



इंदौर-हजरत निजामुद्दीन के लिए भी चलेगी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार ट्रेन संख्या 09309/09310 इंदौर-हजरत निजामुद्दीन द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन संख्या 09309 इंदौर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को 17:00 बजे इंदौर से प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के देवास (17.33/17.35), उज्जैन (18.20/18.25), नागदा (19.20/19.45) होते हुये अगले दिन 05:00 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 फरवरी, 2026 से 27 मार्च, 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09310 हजरत निजामुद्दीन-इंदौर स्पेशल प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को हजरत निजामुद्दीन से 08:20 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के नागदा (18.10/18.35), उज्जैन (19.20/19.25), देवास (20.05/20.07), होते हुये अगले दिन 21:00 बजे इंदौर पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 फरवरी, 2026 से 28 मार्च, 2026 तक चलेगी।

### दोनों दिशाओं में स्पेशल ट्रेन इन स्टेशनों पर रुकेंगी

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागदा, शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर एवं मथुरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास एवं जनरल सेकंड क्लास के कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09309, 09310 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू हो गई है।

# 24 फरवरी से लगने वाला है होलाष्टक, शादियों पर लग जाएगा ब्रेक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इसी माह 24 फरवरी मंगलवार से होलाष्टक प्रारंभ होने जा रहा हैं। जिससे अगले कुछ समय के लिए विवाह आदि शुभ मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लग जाएगा। जिससे होली बाद मार्च माह में भी महज चुनिंदा तारीखों को में ही विवाह आदि के लिए शुभ मुहूर्त विवाह पंचांग में दिखाएं गए हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार रंग पंचमी के बाद 15 मार्च से पाप मोचनी एकादशी पर खरमास भी शुरू हो रहा है। जिसमें भी विवाह आदि शुभ मांगलिक कार्य नहीं होते है।

**अप्रैल-मई से ज्यादा जून माह में है शादियों के लिए शुभ महूर्त्त -** ऐसे में दोबारा शादी-विवाह का सिलसिला विवाह पंचांग में वैशाख माह के शुभारंभ 2 अप्रैल से बताया जा रहा है। जिसमें कुल 8 दिनों में मांगलिक कार्यों के लिए शुभ महूर्त है। जो मुख्य रूप से 2, 4, 8, 15 और 20, 26, 28, 29 अप्रैल को बताए गए है। जबकि मई माह में केवल दो दिन 5 और 6 मई को मांगलिक कार्य विवाह आदि के लिए मई माह की शुरुआत में केवल दो दिन



ही मुहूर्त कैलेंडर और विवाह पंचाग में बताए गए है। जबकि इस साल की शुरूआत में जनवरी-फरवरी में ज्यादा दिनों तक शादियां हुई। लेकिन अब मार्च-अप्रैल में मांगलिक कार्यों के लिए ज्यादा दिनों तक शुभ मुहूर्त नहीं है। हालांकि ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार जून माह में जरूर 7 दिनों तक तारीख 21, 22, 24, 25, 26, 27 और 29 तारिख में शुभ विवाह और मांगलिक कार्यों के लिए विवाह पंचांग में शुभ मुहूर्त बताए गए है।

## संपादकीय

# महिलाओं से जुड़े मामलों में जजों की संवेदनशीलता पर सवाल, सुप्रीम कोर्ट ने क्यों दिए नए निर्देश

जरूरत है कि न्यायाधीशों के दृष्टिकोण में संवेदना और करुणा विकसित करने के लिए लैंगिक संवेदनशीलता पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के साथ-साथ न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर दिया जाए। इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी तरह के अन्याय के बाद न्याय के लिए न्यायपालिका ही उम्मीद का ठौर होती है। अदालतों में बैठे न्यायाधीश यह सुनिश्चित करते हैं कि पीड़ित पक्ष के साथ इंसाफ हो। मगर कई बार ऐसे मामले भी चर्चा और चिंता का कारण बने हैं, जिनमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े मुकदमों में किसी जज की टिप्पणी या उनके फैसले को न्याय की अवधारणा पर पूर्वाग्रह हावी होने के तौर पर देखा गया। इस क्रम में कानूनी प्रावधानों की व्याख्या करते हुए जो कहा गया, उसमें संवेदनशीलता का अभाव नजर आया। शायद यही वजह है कि पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट को जजों के दृष्टिकोण में जरूरी संवेदनशीलता विकसित करने के लिए अलग से प्रयास करने पर जोर देना पड़ा। शीर्ष अदालत की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि न्यायपालिका के सदस्यों के दृष्टिकोण के साथ ही अदालती प्रक्रियाओं में अंतर्निहित संवेदनशीलता और विवेक विकसित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। हालांकि समय-समय पर शीर्ष अदालत की ओर से न्यायाधीशों के दृष्टिकोण पर रूढ़िवादी सोच हावी होने से उपजे सवालों से निपटने के लिए कदम उठाए गए हैं। वर्ष 2023 में एक पुस्तिका भी इस उद्देश्य से तैयार की गई थी कि न्यायाधीश पितृसत्तात्मक भाषा को पहचान कर उससे बच सकें। मगर इस सबका कोई ठोस असर सामने नहीं आ सका है। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने अब राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को यौन हिंसा और अन्य अपराधों के संदर्भ में न्यायाधीशों तथा न्यायिक प्रक्रिया के भीतर संवेदनशीलता एवं करुणा विकसित करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने को कहा है। जाहिर है, शीर्ष अदालत का निर्देश यह सुनिश्चित करने के मकसद से है कि जज महिलाओं के विरुद्ध अपराधों और खासतौर पर यौन हिंसा के मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करें, उनके फैसलों पर सामाजिक भेदभाव या पूर्वाग्रहों पर बनी धारणाओं की छाया नहीं दिखे। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट की इस पहल में एक ऐसी समस्या की पहचान कर उसे रेखांकित किया गया है, जिसकी आमतौर पर अनदेखी की जाती है, लेकिन कई फैसलों पर उसका असर देखा जाता है। दरअसल, महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा से जुड़े मामलों में कई बार सामाजिक धारणाओं पर पितृसत्तात्मक सोच से संचालित मानसिकता हावी होती है। जबकि अदालतों में न्यायाधीशों से यह उम्मीद की जाती है कि वे इस तरह के पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर कानून की व्याख्या करते हुए समाज में प्रचलित आम मानसिकता, उसके आधार पर बनने वाली धारणाओं और उसमें महिलाओं की वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखेंगे। साथ ही वे मामले में फैसला देते हुए निरपेक्ष रह कर जरूरी संवेदनशीलता और करुणा का सहारा लेंगे। विडंबना यह है कि देश में निचली अदालतों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले जघन्य अपराधों और बलात्कार के मामलों में भी कुछ जज सामाजिक हकीकतों की अनदेखी करते हुए कानून के प्रावधानों की व्याख्या इस तरह करते हैं कि उससे आरोप हल्के हो जाते हैं और पीड़ित महिला के न्याय पाने की राह ज्यादा मुश्किल हो जाती है। इसलिए जरूरत है कि न्यायाधीशों के दृष्टिकोण में संवेदना और करुणा विकसित करने के लिए लैंगिक संवेदनशीलता पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के साथ-साथ न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर दिया जाए।

# बस ने मारी ट्रेवलर को टक्कर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आज सुबह विजय नगर से रेडिसन जाने वाले मार्ग पर एक सिटी बस ने ट्रेवलर को टक्कर मार दी जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए वहीं कुछ सवारियों को मामूली चोंटे आई है। ट्रेवलर को बस ने पीछे से टक्कर मारी। वहीं ट्रेवलर आगे खडे वाहनों से जा टकराई। घटना के बाद मौके पर भीड जमा हो गई। सूत्रों के मुताबिक बस का ब्रेक फैल हो गया था।





# जुए के अड्डे पर दबिश.. 23 जुआरी गिरफ्तार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** भंवरकुआं थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इलाके के एक मकान में चल रहे बड़े जुआ अड्डे पर छापामार कार्रवाई की है। इस दबिश के दौरान पुलिस ने मौके से 23 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने ताश की गड्डियां और कुल 5 लाख 5 हजार रुपये की नगद राशि जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, लंबे समय से इंग्लैंड कॉलोनी गणेश नगर के एक मकान में अवैध रूप से जुआ संचालित होने की सूचना मिल रही थी। टीम ने जब घेराबंदी कर दबिश दी, तो वहां भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर भोला निवासी चोईथराम मंडी अमर पैलेस, हरिओम जादौन निवासी ऋषि पैलेस, समाधान निवासी मालवीय नगर सहित कुल 23 लोगों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी शहर के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं।प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इस अड्डे पर बड़े पैमाने पर हार-जीत का दांव लगाया जा रहा था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। थाना पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि इस अवैध अड्डे का मुख्य संचालक कौन है और यह कितने समय से संचालित किया जा रहा था।

# बिना अनुमति बाइक रैली की तैयारी, आयोजक पर केस दर्ज

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन कर बाइक रैली निकालने के प्रयास में एक आयोजक पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। डेली कॉलेज प्रांगण में 'इंडिया बाइक वीक' के तहत आयोजित होने वाली इस रैली के लिए प्रशासन से उचित अनुमति नहीं ली गई थी, जिसके चलते पुलिस ने आयोजक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक, उन्हें सूचना मिली थी कि डेली कॉलेज परिसर में बड़ी संख्या में बाइकर्स अपनी मोटरसाइकिलों के साथ रैली निकालने के लिए 'रेडी पोजीशन' में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वहां मौजूद बाइकर्स से रैली के संबंध में वैधानिक दस्तावेजों और अनुमति पत्र की जानकारी मांगी। पूछताछ के दौरान बाइकर्स ने बताया कि इस बाइक राइडिंग रैली का आयोजक इंडिया बाइक वीक के आयोजक युवराज सिंह पिता शालादित्य सिंह, निवासी ग्राम जामनिया मानपुर द्वारा किया जा रहा है। जब पुलिस ने जांच की, तो पाया गया कि इतनी बड़ी रैली निकालने के लिए आवश्यक मंजूरी नहीं ली गई थी। सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने पर पुलिस ने आयोजक युवराज सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## कार शोरूम पर नकाबपोश चोरों का धावा

# नई एसयूवी ले उड़े सीसीटीवी फुटेज में कैद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

देपालपुर इलाके में एक कार शोरूम पर नकाबपोश चोरों ने धावा बोला।मेन गेट के टफन ग्लास को तोड़कर घुसे बदमाशों ने करीब एक घंटे में वारदात को अंजाम दिया और नई एसयूवी चुरा ले गए। ये वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक देपालपुर में इंदौर रोड स्थित भगवती प्रेस्टीज महेंद्रा शोरूम पर रात करीब 2 बजे वरदात की। आरोपियो की पांच बताई जा रही है। बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बताया गया कि आरोपी शोरूम के बाहर पहुंचे। पहले शोरूम का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए। वे अपने साथ डीजल भी लेकर आए थे। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि पहले एक बदमाश अंदर घुसा फिर उसके दो साथी भीतर पहुंचे जबकि दो बदमाश बाहर खड़े होकर निगरानी करते नजर आ रहे हैं। शोरूम में घुसकर आरोपियों ने नई एसयूवी में डीजल डाला और फिर मुख्य गेट के टफन ग्लास को तोड़ गाड़ी को शोरूम से बाहर निकाल लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी गाड़ी सहित इंदौर की ओर भाग निकले थे। घटना की सूचना मिलते ही डायल112 टीम पहुंच गई थी। घेराबंदी की गई मगर आरोपियों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर एमबीए छात्रा से दुष्कर्म, राजस्थान के आरोपी पर केस दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एक एमबीए छात्रा के साथ शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसकी सहेली के चचेरे भाई के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। भंवरकुआं क्षेत्र में एक एमबीए की छात्रा ने अपनी सहेली के चचेरे भाई पर धोखे से शारीरिक संबंध बनाने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में आरोपी बाबूलाल पुत्र सुखलाल गुर्जर, निवासी उदयपुर (राजस्थान) के खिलाफ दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस जांच में सामने आया कि पीड़िता की पहचान वर्ष 2021 में एक निजी कोचिंग संस्थान में पढ़ाई के दौरान हुई थी। आरोपी बाबूलाल अक्सर अपनी बहन को कोचिंग छोड़ने आता था, जिसके बाद दोनों के बीच इंस्टाग्राम और वॉट्सएप पर बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पहले उसे प्रेम जाल में फंसाया और फिर जनवरी 2022 में व्यासनगर स्थित एक परिचित के घर ले जाकर शादी का वादा करते हुए पहली बार शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद भी आरोपी लगातार शादी का आश्वासन देता रहा और शहर के विभिन्न होटलों में ले जाकर पीड़िता का यौन शोषण करता रहा। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया, जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई।

# भाई के सामने युवक पर चाकू से हमला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

छत्रीपुरा इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर तीन आरोपियों ने बाइक से जा रहे दो भाइयों को रास्ते में रोककर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने युवक को पकड़कर उसकी पीठ पर चाकू से कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना रविवार रात करीब 8.30 बजे एमओजी लाइन कलाली के सामने ट्रैक्टर सेक्शन की है। फरियादी प्रकाश बैरागी अपने छोटे भाई राकेश के साथ बाइक पर सवार होकर महू नाके से घर की ओर जा रहा था तभी जबरन कॉलोनी निवासी आरोपी अमर, मोंटी और उनके साथी प्रेम उर्फ मौसा ने उनका पीछा कर उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर पहले गालियां दीं और जब प्रकाश ने इसका विरोध किया, तो मोंटी और प्रेम ने उसे पकड़ लिया, जबकि अमर ने चाकू निकालकर उसकी पीठ पर ताबड़तोड़ दो-तीन वार कर दिए। बीच-बचाव करने आए छोटे भाई राकेश के साथ भी आरोपियों ने जमकर मारपीट की। हमले के बाद प्रकाश जमीन पर गिर पड़ा और काफी खून बहने लगा। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी यह धमकी देते हुए फरार हो गए कि 'आज तो छोड़ दिया है, लेकिन आगे से कुछ कहा तो जान से खत्म कर देंगे।'

# मुख्यमंत्री ने पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में किया पुस्तक का विमोचन






**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पीथमपुर में इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। उन्होंने पुस्तक का विमोचन भी किया। आयोजन में 40 वर्षों की औद्योगिक यात्रा को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से संवाद के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उद्योग, महिला, किसान और गरीब हर वर्ग के विकास की बयार देश में बह रही है। विभिन्न वैश्विक संगठनों के साथ व्यापारिक समझौते और नई ट्रेड डील्स के माध्यम से भारत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और विश्व पटल पर अपना परचम लहरा रहा है। देश व्यापार और वाणिज्य के स्वर्णिम काल की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उद्योगों का दायरा निरंतर विस्तारित किया जा रहा है, ताकि औद्योगिक विकास की अवधारणा केवल पीथमपुर तक सीमित न रहकर पूरे प्रदेश और देश में नए आयाम स्थापित करे। हमारी सरकार प्रदेश को औद्योगिक क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने तथा अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भी संभावनाओं को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा सीएम कल ग्लोबल काबुला चना कान्क्लेव में भी शामिल हुए।

## चिंतन दिवस मनाया



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ पर लार्ड बेडेन पावेल जन्म जयंती के उपलक्ष्य में चिंतन दिवस मनाया गया। बीएल शर्मा, अशोक भार्गव, भूपेंद्र अडसुरे, भारती जामदड, प्रमोद गंगराड़े, मनोज पटेल, वैजयंती गहलोत, जागृति पटेल, अनीता सोलंकी, राजेश पाटीदार, भूपेंद्र गुर्जर, राजेंद्र लश्करी, अनीता मिश्रा, अनिल देशमुख, ज्योतिबाला शर्मा, रमेश मेहता, इंदिरा पंवार, राकेश पंडित, नारायण दत्त, लता सोनी, राजेश वर्मा, तेजकुमार सिलावट, राजेश नगेरश, कुणाल मिश्रा, कामाक्षी भट्ट, दिलीप मेहता मौजूद थे।

## डॉ. हेडगेवार महानाट्य का तीन दिनी आयोजन होगा

### कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवख संघ से जुड़े रहे सर संघचालक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित महानाट्य 26 से 29 मार्च तीन दिनों तक मंचन होना है। उसे लेकर आयोजन समिति के कार्यालय का शुभारंभ किया गया। मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि रोजाना शाम 7 से 9.30 बजे तक 50 से अधिक कलाकारों के साथ मंच पर लाइट और साउंड व्यवस्था के साथ नाट्य की प्रस्तुति होगी। रोजाना सैकड़ों श्रोता मौजूद रहेंगे।

## विहिप ने की विभागीय चिंतन बैठक संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता और जागरण पर विशेष जोर



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व हिंदू परिषद इंदौर विभाग की चिंतन बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार का विशेष मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। पदाधिकारी, कार्यकर्ता की मौजूदगी में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा, आगामी योजनाओं की रूपरेखा, संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता और जागरण विषय पर भी चर्चा की गई। हुकुमचंद सावला, मुकेश जैन, मालासिंह ठाकुर, विनोद शर्मा, अन्नू गेहलोत सहित अन्य मौजूद थे।

## नायर क्रिकेट एकेडमी की रोमांचक जीत

इंदौर । आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में नायर क्रिकेट एकेडमी एवं स्टार क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में सभी विकेट खोकर 146 रन बनाये। अभिषेक राठौर ने 33 रन बनाये। लाभांश जायसवाल ने 4 विकेट एवं आर्य पटेल ने 3 विकेट लिये । जवाब में स्टार क्लब की टीम 126 रनों पर सिमट गई और य मैच 20 रनों से हार गई । लकी मिश्रा ने 4 विकेट लिये।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच इंदौर स्पोर्टस एवं आयसीसी के मध्य खेला गया जिसमें आयसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 134 रन बनाये । पवन यादव ने 4 विकेट लिये । जवाब में इंदौर स्पोर्टस ने 18 ओवरो में 7 विकेट खोकर 136 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीत लिया । इशान चौधरी ने नाबाद 53 रनों का योगदान दिया । पार्थ ठाकुर ने 3 विकेट एवं यश यादव ने 2 विकेट लिये ।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच विजय क्लब एवं एसवीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एसएलएफ ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट पर 140 रन बनाये। प्रणव परिहार ने 44 रन बनाये। राहुल, वैदिक व विनय ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में विजय क्लब की टीम ने 17 ओवरो में 2 विकेट खोकर 141 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया ।

## आरबीसीएफ की शानदार जीत

**इंदौर।** एक अन्य मैच आरबीसीएफ एवं इंदौर स्पोटस के मध्य खेला गया जिसमें आरबीसीएफ ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट पर 200 रन बनाये। हार्दिक चौधरी ने 61 रन, आदित्य कौशिक ने 51 रन एवं अंश बागडिया ने 47 रन बनायें । अनिल मौर्य ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर स्पोटस की टीम 20 ओवरो में 154 रनों पर सिमट गई और यह मैच 47 रनों से हार गई । इशान चौधरी ने 37 रन बनाये। रितांशु राजपुत ने 22 रन देकर 5 विकेट एवं विकी वाघले ने 3 विकट लिये ।

## गर्मी बढ़ते ही बिजली की मांग बढ़ी, मेंटेनेंस कार्य भी शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में करीब आठ लाख बिजली उपभोक्ता होने एवं गर्मी के सीजन में बिजली मांग सामान्य अवधि की तुलना में करीब तीस प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। इस वर्ष अप्रैल, मई में ग्रीष्मकाल के दौरान अधिकतम बिजली मांग आठ सौ मैगावाट के पार होने की संभावना है। इसी के मद्देनजर तैयारी की जा रही है। शहर में एक ओर जहां पिछले पखवाड़े में विजय नगर एवं खजराना स्थित ग्रिडों की क्षमता का विस्तार किया गया है, वहीं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, ट्रांसफार्मरों की क्षमता में बढोत्तरी के कार्य भी किए जा रहे है। पिछले दो वर्षों के दौरान आरडीएसएस अंतर्गत करीब साढ़े तीन सौ नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, वहीं कुछ की क्षमता का विस्तार भी किया गया है। मेंटेनेंस कार्य भी शुरू किए गए है।

## गोयल की याद में संगीत आयोजन होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रविंद्र जैन संगीत एकेडमी, संगीतकार पद्मश्री स्वर्गीय रविंद्र जैन के जन्मदिवस और बालसखा स्वर्गीय ओपी गोयल की याद में सालाना संगीत आयोजन 26 फरवरी की शाम 6.30 बजे अभिनव कला समाज गांधी हाल में संगीत का कार्यक्रम होगा। आशीष गोयल ने बताया कि गायक वर्षा झालानी, अन्नू शर्मा, अर्पिता बोबडे, मनीष शुक्ला, पल्लवी सिंह रविंद्र जैन के नगमे सुनाएंगे। सुमित्रा जोशी, दीपेश जैन, राजेश गुड्डू मिश्रा, बबला गजभिए, रवि खेड़े, रिदम मिश्रा अपनी भूमिका निभाएंगे।

## तकनीक से प्रदेश को बनाएंगे अग्रणी कृषि राज्य-मुख्यमंत्री



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल बास्केटबाल काम्प्लेक्स में आयोजित किसान, कल्याण की बात युवाओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवाचार और तकनीक से म.प्र. को अग्रणी कृषि राज्य बनाया जाएगा। ड्रोन, एआई, स्मार्ट सिंचाई और डिजिटल मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में युवा, किसान और कृषि क्षेत्र से युवा प्रतिनिधियों ने सीएम से संवाद भी किया।

## स्वास्थ्य शिविर में दवा का वितरण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विद्या मंदिर पवनपुरी कालोनी पालदा नाका में स्वास्थ्य शिविर में डॉ. शरद थोरा, डॉ. वी.पी. गोस्वामी, डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. संजय सिलावट, डॉ. मोनिका चौधरी, डॉ. रत्नेश खरे, डॉ. सोनिया साहू ने मार्गदर्शन और सेवाएं दी और दवाई का वितरण भी किया।

# सत्येंद्र, नितिन और प्रतीक तीन-तीन वर्गों के फाइनल में

**इंदौर।** जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित सिम्बायोटेक ट्रॉफी 9 वीं इंदौर जिला मास्टर्स (वेटरन्स) बैडमिंटन स्पर्धा में शेखर तिवारी, मनीष त्रिवेदी, सत्येन्द्र होल्कर, अंकित मोहता, नितिन लश्करी, प्रतीक गुजराती ने तीन -तीन वर्गों के फाइनल में प्रवेश किया,35द्द महिला एकल में रिशु राय और प्राची चौबे एवं 50द्द महिला एकल में जयश्री यादव और दीपा व्यास फाइनल में हैं।

नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में हो रही स्पर्धा में मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुबोध अभ्यंकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, कोषाध्यक्ष विशाल चांदवानी, मनीष त्रिवेदी आदि ने स्वागत किया । 40द्द पुरुष एकल के सेमीफाइनल में सत्येन्द्र होल्कर ने गौतम चौधरी को 21-13, 21-12 से और अंकित मोहता ने दूसरे क्रम के मनीष जायसवाल को 21-7, 21-15 से हराया । 45द्दपुरुष एकल सेमीफाइनल में नितिन लश्करी ने पीयुष गट्टानी को



21-11,21-11 से और हरिओम राठौर ने रोहित राजपूत को 21-11,21-15 से पराजित किया । 55द्द पुरुष एकल के सेमीफाइनल में शेखर तिवारी ने रजनीश शर्मा को 21-7, 21-9 से और अमर चंदनानी ने संदीप गोखले को 21-11, 21-7 से हराया । 60द्द पुरुष एकल के सेमीफाइनल में रितेश चंदानी ने राजेश कोहली को 24-22, 21-12 से और राकेश सोनी ने धर्मेश यशलहा को 21-17,21-14 से पराजित किया। 60द्द पुरुष युगल के सेमीफाइनल में कमल नवलानी और विनय रामचंदानी नेए पी एन शर्मा और राकेश सोनी को 21-9,21-16 से एवं किरण देशमुख और विक्रम गुप्ते ने अनोखीलाल जैन और रितेश चंदानी को 19-21,21-18,21-12 से हराया।

## सीसीआय की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत दुधिया रोशनी में सीसीआय एवं एमकेसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 136 रन बनाये। वर्चस्व मुंगड ने नाबाद 36 रन बनाये। शुभम कैथवास ने 4 विकेट लिये । जवाब में सीसीआय ने 15 ओवरो में 4 विकेट खोकर 137 रन बनाकर यह मैच 6 किवेट से जीत लिया । पार्थ साहनी व अर्पित पटेल ने नाबाद 57 रनों का योगदान दिया । आकाश त्रिपाठी ने न 2 विकेट लिये ।



**देव्ज एकेडमी की विशाल जीत–**इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं एसएस कम्यून के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट खोकर 189 रन बनाये। रिषभ चौहान ने आक्रामक नाबाद 46 रन तथा यश मालाकार, देव बरनाले व लारेब अली ने 33-33 रनों का योगदान दिया। जवाब में एसएस कम्यून की टीम 13 ओवरो में 66 रनों पर सिमट गई और यह मैच 123 रनों से हार गई। अथर्व नायडू ने 3 विकेट तथा मृदुल व हर्ष दीक्षित ने 2-2 विकेट लिये । इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एलएसजीसीए एवं राउ क्लब के मध्य खेला गया जिसमें एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 159 रन बनाये। हर्ष गवली व स्पर्श धाकड ने 39-39 रन एवं रिषभ भंडारी ने 30 रनों का योगदान दिया। जवाब में राउ क्लब की टीम 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 154 रन ही बना पाई और एलएसजीसीए ने यह मैच 5 रनों से रोमांचक अंदाज में जीत लिया ।



## न्यूज इन बॉक्स

### फेंसिंग खिलाड़ी भूमि अग्रवाल का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पब्लिक स्कूल में चाईबासा स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित समारोह में फेंसिंग खिलाड़ी भूमि अग्रवाल का जोनफर खान, मनीष आर्य, मास्टर सईद आलम, हासमी चौहान, इशान चापावत ने सम्मान किया।

### मप्र के 2 पहलवान अल्बानिया विश्व रैंकिंग कुश्ती में जाएंगे





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश के 2 पहलवान विश्व रैंकिंग कुश्ती में अल्बानिया के तिराना में देश का प्रतिनिधित्व 50 किलोग्राम में प्रियांशी प्रजापत 60 किलोग्राम में ग्रीको रोमन शैली में उदित पटेल जायेंगे प्रियांशी प्रजापत अंडर 23 एशिया में स्वर्ण पदक जीत चुकी है मध्यप्रदेश के पहलवानों का हौसला बुलंदी कि ओर है।

# हमने तो अपना ईगो साइड में रख दिया था : मारक्रम

**अहमदाबाद।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 के अपने पहले मैच में साउथ अफ्रीका ने भारत को बुरी तरह हराया। मैच के बाद कप्तान एडेन मारक्रम ने भारत की दुखती रग पर हाथ रखा और कहा कि हमने तो अपना ईगो साइड में रख दिया था।



टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 स्टेज की शुरुआत साउथ अफ्रीका ने जीत के साथ की है। जीत भी साउथ अफ्रीका को उस टीम के खिलाफ मिली है, जो पिछले टी20 विश्व कप फाइनल में उसको हराकर आई थी। वह टीम जो 2023 के विश्व कप फाइनल के बाद से आईसीसी टूर्नामेंट में अविजित थी। वह टीम जो घर पर खेल रही थी, लेकिन साउथ अफ्रीका ने उसे 76 रनों से हरा दिया। इस जीत के बाद साउथ अफ्रीका के कप्तान ने लंबी बातचीत मैच प्रेजेंटर से की और बताया कि उनकी टीम ने अपना ईगो साइड में रखा। ऐसा इसलिए उन्होंने कहा कि शुरुआत में तीन विकेट 20 रन पर गिर गए थे। फिर करीब 100 रनों की साझेदारी हुई और मैच पलट गया।

एडेन मारक्रम ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, शानदार परफॉर्मेंस। यहां जो विकेट था, उससे यह बहुत अलग तरह का था, इसलिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि लड़कों ने इसे बहुत पहले ही समझ लिया और अपने प्लान को पूरा करने के लिए अपनी स्किल्स को बदला। हम बॉलिंग ग्रुप के लिए सच में बहुत उत्साहित हैं। वे कड़ी मेहनत कर रहे थे, मैच की शुरुआत थोड़ी मुश्किल थी, लेकिन आज रात जिस तरह से उन्होंने अच्छा खेला, वह बहुत अच्छा प्रयास था।

जीत के कारणों पर बात करते हुए मारक्रम ने कहा, मुझे लगता है कि सबसे पहले और सबसे जरूरी पार्टनरशिप थी। (मिलर और ब्रेविस) दोनों बहुत अच्छे थे, उन्होंने हमारे लिए सब कुछ किया, स्थिति को संभाला और हमें गेम में बनाए रखा। बैक एंड की तरफ बातचीत यह थी कि आज रात बॉल ट्रैवल कर रही थी, थोड़ी स्पंजी लग रही थी, इसलिए यह जगह ढूंढने के बारे में था जहां हम तेजी से दौड़ सकें, ईगो छोड़ सकें और बैक एंड पर जितना हो सके उतना ले जा सकें। उन्होंने फ्रंट में और डेथ ओवरों में भी अच्छी बॉलिंग की, लेकिन मुझे लगा कि बीच में हमारी बैटिंग शायद मैच का अंतर थी।

अपनी गेंदबाजी को लेकर कप्तान ने कहा, हमें लगता है कि लुंगी जब भी बॉलिंग करते हैं तो एक खतरा होते हैं और वह बीच के फेज में हमारे लिए विकेट ले सकते हैं। यह कंडीशन पर निर्भर करता है - अगर हमें नहीं लगता कि वह नई बॉल से ज्यादा कुछ कर पाएंगे, तो हम उन्हें रोकना चाहेंगे, लेकिन अगर उसमें कुछ है तो वह विकेट से कुछ निकाल लेते हैं। हम गेम के दिनों में इसका अंदाजा लगाते हैं और उन्हें वह रोल देते हैं। वह कुछ भी करने को तैयार रहते हैं, एक सही टीम मैन हैं और वह बस अच्छा करते रहते हैं।

## एक और रिकॉर्ड बना डाला भारत ने

**नई दिल्ली।** शानदार फॉर्म में चल रहे भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 मैच में फ्लॉप रहे। वह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चार गेंद खेलने के बावजूद अपना खाता तक नहीं खोल सके। उन्हें साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने पहले ओवर में पवेलियन की राह दिखाई। ईशान लॉन्ग ऑफ की दिशा में शॉट लगाना चाहते थे लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। ऐसे में एक्स्ट्रा कवर पर रयान रिकेल्टन ने आसान कैच लपक लिया। ईशान के शून्य पर आउट होते ही भारत एक शर्मनाक लिस्ट में टॉप पर पहुंच गया।

भारत मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा डक झेलने वाली टीम बन गई है। भारतीय टीम 10 बार डक का मुंह देख चुकी है। क्रिकेट मैच जब कोई खिलाड़ी बगैर रन बनाए आउट होता है तो उसे डक का कहा जाता है। भारत ने इटली को पछाड़ दिया है, जिसने 8 मर्तबा डक झेला।

# किशोर-संजय, विशाल-रश्मि की जोड़ी को खिताबी सफलता

**इंदौर।** मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित किशन चंद मंघनानी स्मृति राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा के फायनल मुकाबलों में युगल वर्ग में किशोर मोटवानी व संजय मेहता की जोडी ने नितिन खाब्या व राहुल जैन को संघषपूर्ण मुकाबलें में 3-2 से पराजित किया। मिश्रित युगल में विशाल जोशी व रश्मि सोनी की जोडी ने किशोर मोटवानी व नीता वैष्णव की जोडी को 3-1 से पराजित कर खिताबी सफलता अर्जित की।



अभय प्रशाल में आयोजित स्पर्धा में इसके पूर्व खेले गये सेमीफायनल मुकाबलों में युगल वर्ग में नितिन व राहुल की जोडी ने मनोज शर्मा व विशाल जोशी को 3-0 से, किशोर व संजय की जोडी ने कुणाल गजभिये व मनिष जोशी को 3-1 से तथा मिश्रित युगल वर्ग में किशोर व नीता की जोडी ने नवीन नातु व संध्या सोमानी को 3-0 से, विशाल व रश्मि की जोडी ने मनोज शर्मा व संध्या नेहलानी को 3-0 से षिकस्त दे फायनल में प्रवेश किया। पुरुष 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सेमीफायनल में विशाल अरोरा ने हिमांशु कंसल (दोनो इंदौर) को 3-2 से, प्रशांत महंत (इंदौर) ने संदीप मिश्रा (सिवनी) को 3-1 से मात दी। क्वार्टर फायनल में विशाल ने विवेक चौकसे (दोनो इंदौर) को 3-0 से, हिमांशु ने संतोष सितोले (दोनो इंदौर) को 3-0 से, प्रशांत ने नवीन मोडानी (दोनो इंदौर) को 3-0 से, संदीप ने विक्रम ठाकुर (भोपाल) को 3-0 से षिकस्त दी। पुरुष 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सेमीफायनल में विपिन पंडित ने दिनेश चौरसिया (दोनो इंदौर) को 3-1 से, विभूति शर्मा ने विनोद तिवारी (रीवा) को 3-2 से शिकस्त दी। क्वार्टर फायनल में दिनेश ने आलोक चौहान (जबलपुर) को 3-0 से, विनोद ने अशोक इंगले (इंदौर) को 3-1 से मात दी। पुरुष 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सेमीफायनल में प्रमोद सोनी ने जयंत रतना पारखी (दोनो इंदौर) को 3-0 से, संतोष कौशिक (इंदौर) ने आर.पी मालवीय (भोपाल) को 3-0 से हराया। क्वार्टर फायनल में जयंत ने दिलीप नाजन (इंदौर) को 3-0 से, आर.पी. मालवीय ने अमरजीत मेक (इंदौर) को 3-2 से पराजित किया।

## गुजराती समाज के जिम्नेशियम का किया अवलोकन

**इंदौर।** मातुश्री अहिल्याबाई होलकर के वंशज युवराज यशवंतराव होलकर (तृतीय) ने स्नेहलतागंज स्थित गुजराती समाज के जिम्नेशियम का अवलोकन किया। इस दौरान गुजराती समाज के अध्यक्ष दीपक भाई सोनी, उपाध्यक्ष गोविंद भाई पटेल, भागवान भाई पटेल, दीपक भाई शाह, प्रशिक्षक सी.बी. होलकर, प्रयंक शाह सहित समाज के कई पदाधिकारी, खिलाड़ी व अन्य लोग उपस्थित थे। खासगी ट्रस्ट के अध्यक्ष यशवंतराव होलकर ने जिम्नेशियम का अवलोकन किया।

# नाबालिग का वीडियो बना कर अड़ीबाजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नशेड़ी युवक ने पिता-पुत्र को सरेराह पीटा**

कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को ब्लैकमेल कर अड़ीबाजी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक नशेड़ी युवक ने 15 वर्षीय नाबालिग का सिगरेट पीते हुए वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर 17 हजार रुपये की मांग की। पुलिस ने पीड़ित के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, बंगाली चौराहा निवासी आरोपी प्रथम बिल्लोरिया ने नाबालिग को लंबे समय से परेशान कर रखा था। आरोपी ने दिसंबर माह में भी बंगाली ब्रिज के नीचे नाबालिग को रोककर पैसों की मांग की थी और इनकार करने पर उसके साथ मारपीट की थी। जब नाबालिग ने अपने परिजनों को इस प्रताड़ना के बारे में बताया, तो पिता अपने बेटे को लेकर आरोपी से बात करने पहुंचे। हैरानी की बात यह है कि जब पिता ने आरोपी को समझाने की कोशिश की, तो उसने सरेराह पिता-पुत्र दोनों को धमकाना शुरू कर दिया। आरोपी ने पिता से दो टूक कहा कि अगर 17 हजार रुपये नहीं दिए, तो वह नाबालिग का सिगरेट पीते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उन्हें बदनाम कर देगा। विरोध करने पर आरोपी ने बीच सड़क पर पिता और पुत्र के साथ गाली-गलौज कर लात-घूंसों से मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला।

# काम पर जा रही महिला को पड़ोसी ने डंडे से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बीच-बचाव करने आए बेटे और बहन के साथ भी की झूमाझपटी**

राजेंद्र नगर थाना इलाके में आपसी विवाद के चलते एक पड़ोसी द्वारा महिला और उसके परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल महिला के साथ मारपीट की, बल्कि थाने जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मार्तण्ड नगर निवासी हेमलता पति विजेंद्र गेरवाल की शिकायत पर पड़ौसी राकेश उर्फ कल्वा यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार सुबह जब वह अपने घर से काम पर जाने के लिए निकल रही थीं, तभी उनके पड़ोसी राकेश उर्फ कल्वा यादव ने उन्हें देखकर बिना किसी कारण के गालियां देना शुरू कर दिया। आरोपी ने फरियादी महिला के साथ-साथ उनके बेटे को भी अपशब्द कह रहा था। जब फरियादी ने गालियां देने का विरोध किया और उसे रोकने की कोशिश की, तो आरोपी उत्तेजित हो गया और पास ही रखे एक लकड़ी के डंडे से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में फरियादी के दाहिने हाथ की कोहनी में गंभीर चोट आई है। शोर सुनकर जब फरियादी की बहन ममता चावला और बेटा अमन बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपी ने उनके साथ भी जमकर झूमाझपटी की। मौके पर लोगों को इकट्ठा होते देख आरोपी वहां से भागने लगा, लेकिन जाते-जाते उसने पीड़िता को धमकी दी कि यदि उसने इस मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई, तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता ने परिजनों के साथ राजेंद्र नगर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।





# ड्रोन से डिजिटल पेट्रोलिंग...

## राजवाड़ा और विजयनगर में ट्रैफिक तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर की यातायात व्यवस्था को हाई-टेक बनाने और सड़कों पर अनुशासन कायम करने के लिए इंदौर पुलिस ने अब स्मार्ट पुलिसिंग का सहारा लेना शुरू कर दिया है। प्रभारी डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बीती रात शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों राजवाड़ा, विजयनगर और एमआईजी में ड्रोन कैमरों के माध्यम से विशेष सर्विलांस और ट्रैफिक मैनेजमेंट की कार्रवाई की गई। आसमान से की गई इस डिजिटल निगरानी के जरिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित कर उन पर त्वरित कार्रवाई की गई। रात 9 बजे शुरू हुई इस विशेष कार्रवाई के दौरान राजवाड़ा जैसे सघन बाजार क्षेत्र में हाई-रेजोल्यूशन ड्रोन कैमरों का उपयोग किया गया। ड्रोन से मिल रहे लाइव फुटेज की सीधे कंट्रोल रूम में मॉनिटरिंग की गई, जहाँ से अधिकारियों ने फील्ड पर तैनात पुलिस बल को तत्काल दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नो-पार्किंग में वाहन खड़े कर रास्ता रोकने वालों, रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों और लेफ्ट टर्न बाधित करने वाले चालकों को ड्रोन की मदद से ट्रैक किया गया। साथ ही, दुकानों के सामने अनावश्यक भीड़ जमा कर मार्ग अवरुद्ध करने वाली गतिविधियों पर भी डिजिटल नजर रखी गई। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मौके पर मौजूद मोबाइल पेट्रोलिंग टीमों ने तत्काल चालानी कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि व्यस्ततम बाजारों में मैन्युअल पेट्रोलिंग के साथ-साथ ड्रोन तकनीक का उपयोग करने से यातायात सुचारू रखने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने में काफी मदद मिल रही है। आने वाले दिनों में शहर के अन्य संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी इसी तरह डिजिटल पेट्रोलिंग जारी रहेगी ताकि इंदौर की सड़कों को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सके।

# शातिर चोरों का धावा, अलमारी काटकर जेवरात चुराए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम दतोदा में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर बड़े ही शातिर तरीके से अलमारी को पीछे से काटा और उसमें रखे करीब 60 हजार रुपये के कीमती जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम दतोदा की मेमंदी रोड निवासी 55 वर्षीय धापुबाई पाडिया की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।फरियादी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि जब उन्होंने घर की गोदरेज अलमारी खोली, तो उसके पीछे की ओर एक बड़ा छेद नजर आया। अलमारी की जांच करने पर पता चला कि उसमें रखे सोने के मंगलसूत्र की 6 कटोरियां, चांदी की पायल का सेट, चांदी का कंदोरा, चैन, बिछिया और अंगूठी गायब थे। चोरी गए कुल माल की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने घर की रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया और अलमारी को पीछे से काटकर माल साफ कर दिया।

# आपसी विवाद में चाकूबाजी, एक घायल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** सिमरोल थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में मैन रोड पर हुई चाकूबाजी में एक युवक घायल हो गया। हमले के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात कल रात 8.30 बजे थाना सिमरोल क्षेत्र के ग्राम मेंडल में हुई। घायल कानाम विक्रम (35) है। पुलिस ने फरियादी बीरबल पिता नादान बागड़ी निवासी ग्राम मेंडल की रिपोर्ट पर आरोपी राजाराम पिता रतन चोपड़ा, सीताराम चोपड़ा और शोभाराम चोपड़ा निवासी ग्राम मेंडल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी और फरियादी के बीच किसी बात पर विवाद हुआ था। उसी को लेकर आरोपियों ने मैन रोड पर फरियादी को रोका और जमकर पीटा। इस दौरान चाकू से वार कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए।

# देर रात को बज रही डीजे की गाड़ी को किया जब्त




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रात 10 बजे बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध इन परीक्षा के दौर में चल रहा है। फिर भी पलासिया और खजराना क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर शिकायत मिली तो डीसीपी ने निर्देश देकर दो डीजे सिस्टम अलग-अलग क्षेत्रों से जब्त करवाए।

# शादी समारोह में चले लात घूंसे, बीच-बचाव करने पहुंचे रिश्तेदार पर कड़े से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम धरावरा धाम में एक शादी समारोह की खुशियां उस वक्त काफूर हो गईं, जब मामूली विवाद के बाद एक युवक ने रिश्तेदार पर हमला कर दिया।**

घटना उस समय हुई जब खुडैल निवासी फरियादी जगदीश चौधरी अपने साले की बेटी की शादी के 'समेला' कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम धरावरा धामपहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान फोटोग्राफर लोकेश यादव का किसी व्यक्ति से विवाद हो रहा था, जिसे शांत कराने के लिए जगदीश बीच-बचाव करने पहुंचे थे। इसी बीच वहां मौजूद रोहित चौधरी नामक युवक ने बिना किसी कारण जगदीश को अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब जगदीश ने इसका विरोध किया, तो रोहित ने उन पर हमला कर दिया और हाथ में पहने कड़े से उनकी नाक पर जोर से वार किया, जिससे वे लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद फोटोग्राफर और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, लेकिन आरोपी जाते-जाते जगदीश को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। बेटमा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी रोहित के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।